

दैनिक

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

आरएनआई क्र.MPHIN/2012/40924

# क्षितिज ✌ किरण

प्रेरणापुंज- विचित्र कुमार सिन्हा -- ब्यूरो प्रमुख भोपाल- विलक्षण सक्सेना

जबलपुर, होशंगाबाद एवं सीहोर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र निर्भीक समाचार-पत्र

प्रधान सम्पादक-कृष्णकान्त सक्सेना वर्ष-14, अंक -29 जबलपुर, बुधवार 26 फरवरी 2025 कीमत-70 पैसे पृष्ठ-8 संपादक अरुण श्रीवास्तव


पीड़ित पक्ष ने मौत की सजा मांगी थी; 1984 सिख दंगों में बाप-बेटे को जिंदा जलाने के मामले में

## सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली की राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने 1984 के सिख विरोधी दंगों, विशेष रूप से सरस्वती विहार हिंसा मामले में उनकी भूमिका के लिए पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। यह कुमार को दी गई दूसरी आजीवन कारावास की सजा है, जो पहले से ही दिल्ली छावनी दंगा मामले में शामिल होने के लिए सजा काट रहे हैं। पूर्व कांग्रेस सांसद सज्जन कुमार को 12 फरवरी को दंगा, गैरकानूनी सभा और हत्या आदि से संबंधित धाराओं के तहत दोषी ठहराया गया था।

इससे पहले सिख विरोधी दंगों से संबंधित हत्या के एक मामले में अभियोजन पक्ष ने कांग्रेस के पूर्व सांसद सज्जन कुमार के लिए मृत्युदंड की अपील की और इसे 'दुर्लभतम' अपराध करार दिया थ। कुमार फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। जसवंत सिंह और उनके बेटे तरुणदीप सिंह की एक नवंबर 1984 को हत्या कर दी गयी थी। हत्या के सिलसिले में पंजाबी बाग थाने ने मामला दर्ज किया था लेकिन बाद में एक विशेष जांच दल ने जांच की जिम्मेदारी ले ली थी। अदालत ने 16 दिसंबर 2021 को कुमार के खिलाफ आरोप तय किए और उनके खिलाफ 'प्रथम दृष्टया' मामला पाया।



कांग्रेस के उस समय के प्रभावशाली नेता और सांसद रहे कुमार वर्ष 1984 में एक और दो नवंबर को दिल्ली की पालम कॉलोनी में पांच लोगों की हत्या के मामले में आरोपी थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस मामले में उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद, घातक हथियारों से लैस भीड़ ने बड़े पैमाने पर लूटपाट एवं आगजनी की थी और सिख समुदाय के लोगों की संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया था। इस मामले में जसवंत सिंह की पत्नी ने शिकायत दर्ज कराई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार भीड़ ने घर में घुसकर सिंह एवं उनके बेटे की हत्या कर दी थी और सामान लूटकर घर को आग के हवाले कर दिया था। कुमार पर मुकदमा चलाते हुए अदालत ने कहा था कि ''प्रथम दृष्टया यह मानने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि वह न केवल एक भागीदार थे, बल्कि उन्होंने भीड़ का नेतृत्व भी किया था।' हिंसा और उसके बाद की घटनाओं की जांच के लिए गठित नानावटी आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, दंगों के संबंध में दिल्ली में 587 प्राथमिकी दर्ज की गई थीं। दंगों में 2733 लोगों की हत्या हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, सुराग नहीं लगने पर लगभग 240 प्राथमिकी को पुलिस ने बंद कर दिया और 250 मामलों में लोगों को बरी कर दिया गया। 587 प्राथमिकी में से केवल 28 मामलों में ही दोषसिद्धि हुई,

## एलजी के अभिभाषण के बीच किया हंगामा, स्पीकर ने आतिशी सहित सभी आप एमएलए को किया निष्कासित

नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा की मंगलवार की कार्यवाही हंगामे के साथ शुरू हुई. उपराज्यपाल के अभिभाषण के बीच में ही आप के विधायक हंगामा करने लगे. विधानसभा अध्यक्ष ने आतिशी सहित सभी आप विधायकों को दिनभर के लिए सदन से निष्कासित कर दिया. निष्कासित किए गए विधायकों में आतिशी के अलावा वीरेंद्र काद्यान्न, कुलदीप, गोपाल राय, जरनैल सिंह, संजीव झा, अनिल झा, विशेष रवि, सोमदत्त और वीर सिंह धींगन शामिल हैं.



एलजी ने अपने अभिभाषण में कहा कि सरकार 5 प्रमुख चीजों पर काम करेगी जिसमें यमुना, प्रदूषण, भ्रष्टाचार मुक्त शासन, अनाधिकृत कॉलोनियों का नियमितकरण शामिल है. उपराज्यपाल के अभिभाषण के दौरान बीजेपी विधायक मोदी-मोदी के नारे लगाते नजर आए. उधर सदन से निकाले गए आप विधायक हाथ में बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की फोटो लेकर विधानसभा के बाहर प्रदर्शन करते नजर आए. मीडिया से बात करते हुए आतिशी ने कहा कि बीजेपी ने सीएम ऑफिस और मंत्रियों के कार्यालयों से बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की फोटो हटाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की फोटो लगा दी है. उन्होंने कहा, मैं भारतीय जनता पार्टी से पूछना चाहती हूं कि क्या प्रधानमंत्री मोदी बाबा साहेब से बड़े हो गए हैं? इसी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया और हम सदन से लेकर सड़क तक प्रदर्शन करते रहेंगे, जब तक बाबा साहेब की तस्वीर उनकी जगह नहीं लगा दी जाती.

## कोलकाता, रांची सहित कई शहरों में सुबह-सुबह भूकंप के लगे झटके, 5.1 रही तीव्रता, मचा हड़कंप

कोलकाता. (आरएनएस)। कोलकाता में मंगलवार की सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मापी गई. भूकंप का केंद्र बंगाल की खाड़ी और 91 किलोमीटर गहराई में था. कोलकाता के पास भूकंप की पुष्टि नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने की है. भूकंप के झटकों से लोगों में थोड़ी देर के लिए दहशत फैल गई. गनीमत रही कि किसी के भी क्षति या हताहत की तत्काल कोई रिपोर्ट सामने नहीं आई है. वहीं झारखंड की राजधानी रांची में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए. इसके अलावा ओडिशा में सुबह 6 बजकर 10 मिनट पर कुछ जिलों पर भूकंप के झटके महसूस किए गए. के झटके विशेष रूप से राज्य की राजधानी भुवनेश्वर, पुरी, पारादीप, बारीपदा, संबलपुर, अनुगुल, केंद्रापड़ा, जगतसिंहपुर और बालेश्वर में महसूस किए गए. इससे पहले, रविवार को हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे. अधिकारियों ने बताया कि जिले के कई हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए, हालांकि जान-माल के नुकसान की कोई खबर नहीं है. मौसम विभाग के अनुसार, भूकंप सुबह 8 बजकर 42 मिनट पर आया और इसकी तीव्रता 3.7 थी. इसका केंद्र मंडी क्षेत्र में 31.48 डिग्री अक्षांश और 76.95 डिग्री देशांतर पर था. सुंदरनगर क्षेत्र में किआर्गी के पास भूकंप 7 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था. मंडी जिला भूकंपीय क्षेत्र 5 में आता है, जो कि उच्च जोखिम वाला क्षेत्र है.

## पांच आदिवासी लड़कियों से ज्यादती में 18 लड़के

रांची।(आरएनएस)। झारखंड के खूंटी जिले में 18 लड़कों ने पांच नाबालिग लड़कियों को अगवा कर गैंगरेप किया। दो लड़कियां चंगुल से छूट कर भागने में सफल रहीं। सभी 18 मुलजिमों को गिरफ्तार कर लिया है। एसपी अमन कुमार ने बताया कि पांचों लड़कियां शादी में शामिल होकर लौट रही थीं, तभी लड़कों ने पीछा कर अगवा किया और जंगल में ले गए। दो लड़कियों ने अगवा करने वालों को काट लिया और भाग गईं। मुलजिम, लड़कियों के साथ रेप के बाद फरार हो गए।

## राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाई-मोदी

असम (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भाजपा शासन के दौरान असम की अर्थव्यवस्था का मूल्य दोगुना होकर छह लाख करोड़ रुपये हो गया, यह 'डबल इंजन' सरकार का असर है। वह असम व्यापार शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के बीच भारत की आर्थिक वृद्धि निश्चित बनी है। मध्यम वर्ग की आकांक्षाओं ने देश के विकास की उम्मीद जगाई है। मोदी ने दावा किया कि असम स्टार्ट-अप इकाइयों का गंतव्य बन रहा है, जल्द ही पूर्वोत्तर के



लिए विनिर्माण केंद्र बन जाएगा। उन्होंने दावा किया कि राजनीतिक स्थिरता, सुशासन और सुधारों ने भारत के प्रति दुनिया की उम्मीदें बढ़ाईं। मोदी ने कहा कि आज भारत अपनी स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत कर रहा है। आज भारत, दुनिया के अलग-अलग क्षेत्रों के साथ मुक्त व्यापार समझौतों कर रहा है। ईस्ट एशिया के साथ हमारी कनेक्टिविटी लगातार सशक्त हो रही है और नया बन रहा भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा भी अनेक नई संभावनाएं लेकर आ रहा है। उन्होंने कहा कि आज जब भारत विकास की ओर बढ़ रहा है तो एक बार फिर पूर्वी भारत सबसे आगे है। हमारा नॉर्थ ईस्ट अपना सामर्थ्य दिखाने जा रहा है। मैं एडवांटेज असम को इसी भावना के प्रतिनिधित्व के रूप में देखता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं असम सरकार और हिमंता जी की पूरी टीम को इस भव्य आयोजन के लिए बधाई देता हूं। मुझे याद है कि 2013 में मैं चुनाव प्रचार के लिए असम के दौरे पर था। एक मीटिंग में मेरे मन में एक वाक्य आया और मैंने वर्णमाला पढ़ते-पढ़ते कहा कि अब दिन दूर नहीं, कहो ए फॉर असम।

### अवकाश सूचना

आज दिनांक 26/02/2025 को महाशिव रात्रि के पर्व पर दैनिक क्षितिज किरण कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः हमारा अगामी अंक दिन शुक्रवार 28/02/2025 को प्रकाशित होगा। **संपादक**

## कमजोर वर्गों के अरमानों का मजाक उड़ाता है सबका साथ, सबका विकास का नारा- खरगे

नयी दिल्ली। (आरएनएस)।कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के बच्चों की छात्रवृत्ति के लाभार्थियों की संख्या में कथित गिरावट को लेकर मंगलवार को आरोप लगाया कि सबका साथ, सबका विकास का नारा कमज़ोर वर्गों के अरमानों का मज़ाक उड़ाता है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच



'एक्स' पर एक चार्ट साझा किया जिसमें उल्लेख है कि एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक बच्चों के लिए छात्रवृत्ति के लाभार्थियों में भारी गिरावट आई है। खरगे ने 'एक्स' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक पोस्ट में कहा, नरेन्द्र मोदी जी, देश के एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के युवाओं की छात्रवृत्तियों को आपकी सरकार ने हथियाने का काम किया है।

## दिल्ली विधानसभा में सीएजी रिपोर्ट पेश, गलत शराब नीति से 2 हजार करोड़ का नुकसान

नई दिल्ली.(आरएनएस)। दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सीएम रेखा गुप्ता ने एलजी के अभिभाषण के बाद कैग की 14 में से 1 रिपोर्ट पेश कर दी. अभी ऐसी 13 रिपोर्ट और है जो पेश की जानी है. यह रिपोर्ट दिल्ली शराब घोटाले से जुड़ी है. रिपोर्ट में बताया गया है कि आप पार्टी की सरकार ने गलत शराब नीति से दिल्ली को 2026 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया. इस पर



स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि आप सरकार ने यह भ्रांति फैलाई कि रिपोर्ट स्पीकर को दी गई. उन्होंने कहा कि हाईकोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर आप सरकार कैग की रिपोर्ट पेश नहीं करती है तो यह संवैधानिक जनादेश की अवहेलना है. स्पीकर ने आगे कहा कि संविधान के अनुच्छेद 152ए का उल्लंघन किया गया. जिसमें एलजी को काफी देर कैग की रिपोर्ट दी गई. वहीं कैग रिपोर्ट पेश किए जाने पर आप विधायक गोपाल राय ने कहा, हम भी चाहते हैं कि सीएजी रिपोर्ट पेश की जाए ताकि सच्चाई सामने आए. कल जिस तरह से उन्होंने डॉ. भीमराव अंबेडकर और शहीद भगत सिंह का अपमान किया, उससे भाजपा की मंशा जाहिर होती है. इस मामले में दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा कहा,्क झगड़ों के अलावा कुछ नहीं जानती. डॉ. बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीरें कोई नहीं हटा सकता और न ही हमने हटाई हैं. वे सीएजी रिपोर्ट से ध्यान भटकाने के लिए इस तरह का नाटक कर रहे हैं.

## लालू को बड़ा लगा झटका, बेटी और तेज प्रताप को भी कोर्ट ने किया तलब

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव, उनके बेटे तेज प्रताप यादव और बेटी हेमा यादव को जमीन के बदले नौकरी %घोटाले% से जुड़े सीबीआई मामले में तलब किया। राउज़ एवेन्यू कोर्ट ने लालू के छोटे बेटे और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव को भी नया समन जारी किया और उन्हें 11 मार्च को पेश होने के लिए कहा। अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई की अंतिम आरोपपत्र पर संज्ञान लेने



के बाद समन जारी किया। एजेंसी ने मामले में 30 सरकारी अधिकारियों सहित 78 लोगों को नामित किया है। ईडी द्वारा जांच किए जा रहे मनी लॉन्ड्रिंग मामले में लालू यादव और उनके दोनों बेटों को पहले ही जमानत मिल चुकी है।

## 'कोई न कोई रोज उठकर,' बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को जयशंकर ने खूब सुनाया, पूछा- कैसा रिश्ता रखना चाहते हैं

नई दिल्ली-(आरएनएस)। दोनों देशों के बीच संबंधों में अभूतपूर्व तनाव के बीच, ओमान में पड़ोसी देश के कार्यवाहक प्रशासन के अपने समकक्ष तौहीद हसन से मुलाकात के कुछ दिनों बाद, विदेश मंत्री सुब्रमण्यम जयशंकर ने भारत के खिलाफ बिल्कुल हास्यास्पद आरोप लगाने के लिए बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के नेताओं को खूब सुनाया है। एस जयशंकर ने नई दिल्ली में एक सार्वजनिक समारोह में कहा कि अगर हर दिन, अंतरिम सरकार में कोई खड़ा होता है और हर चीज के लिए भारत को दोषी ठहराता है, तो अगर आप रिपोर्टों को देखें तो उनमें से कुछ चीजें



बिल्कुल हास्यास्पद हैं।

जयशंकर ने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि एक ओर, आप यह नहीं कह सकते कि %मैं अब आपके साथ अच्छे संबंध रखना चाहूंगा%, लेकिन मैं हर सुबह उठता हूं और जो कुछ भी गलत होता है उसके लिए आपको दोषी ठहराता हूं। यह एक निर्णय है जो उन्हें अवश्य लेना चाहिए। बांग्लादेश के साथ भारत के विशेष संबंधों पर प्रकाश डालते हुए, जो 1971 से चले आ रहे हैं, जब भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी ने पश्चिमी पाकिस्तान (पाकिस्तान) से पूर्वी पाकिस्तान के नाम से जाने जाने वाले हिस्से को आज़ाद कराया था, जयशंकर ने बांग्लादेश से अपना मन बनाने के लिए कहा कि वह भारत के साथ किस तरह का रिश्ता चाहता है।

इसके अलावा, मंत्री ने भारत-बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों में मौजूदा समस्या के दो पहलुओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि पहला अल्पसंख्यकों पर सांप्रदायिक हमले हैं। हमारे लिए सबसे चिंताजनक बात अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले हैं। जाहिर तौर पर यह कुछ ऐसा है जो हमारी सोच पर असर डालता है। यह कुछ ऐसा है जिसके बारे में हमें बोलना होगा, जो हमने किया है। भारत ने बांग्लादेश के साथ बार-बार मुस्लिम बहुल राज्य बांग्लादेश में सबसे बड़े अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमलों का मुद्दा उठाया है। बढ़ते सार्वजनिक विरोध के बीच अगस्त 2024 में तत्कालीन प्रधान मंत्री शेख हसीना के निष्कासन और दिल्ली भागने के बाद हमले शुरू हुए।

## क्या बीजेपी में शामिल होंगे शशि थरूर, पीयूष गोयल के साथ साझा की फोटो, अब अटकलें तेज

नई दिल्ली-(आरएनएस)। कांग्रेस नेतृत्व के साथ अपने मतभेदों की अफवाहों के बीच, सांसद शशि थरूर ने केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और ब्रिटेन के व्यापार और व्यापार राज्य सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ एक सेल्फी पोस्ट की। उन्होंने एक्स पर लिखा, अपने भारतीय समकक्ष, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की कंपनी में ब्रिटेन के व्यापार और व्यापार राज्य सचिव जोनाथन रेनॉल्ड्स के साथ शब्दों का आदान-प्रदान करके अच्छा लगा। लंबे समय से रुकी हुई एफटीए वार्ता फिर से शुरू हो गई है, जो स्वागत योग्य है।



कथित तौर पर केरल लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (एलडीएफ) सरकार की औद्योगिक नीति की प्रशंसा करने के लिए शशि थरूर को पार्टी के भीतर से आलोचना का सामना करना पड़ा था। एक्स पर शशि थरूर की गूढ़ पोस्ट ने अटकलों को और हवा दे दी। उन्होंने शनिवार को लिखा, जहां अज्ञानता आनंद है, वहां बुद्धिमान होना मूर्खता है। रविवार को उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर उनके नेतृत्व की जरूरत नहीं है तो उनके पास दूसरे विकल्प भी हैं। एक रिपोर्ट में उनके हवाले से कहा गया है कि अगर पार्टी इसका उपयोग करना चाहती है,

## महाकुंभ में डुबकी नहीं लगा सके, तो चिंता की बात नहीं टैंकर से आ रहा त्रिवेणी का पवित्र जल, एमपी में यहां घर-घर बंटेगा



ग्वालियर। ग्वालियर विधानसभा क्षेत्र से भी हजारों की संख्या में श्रद्धालु कुंभ स्नान कर पुण्य अर्जित कर चुके हैं और बहुत से श्रद्धालु ऐसे है, जो किसी कारणवश इस महाकुंभ में श्रद्धा की डुबकी लगाने से वंचित हैं। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने खासतौर पर बुजुर्ग और दिव्यांगों के लिए अनूठी पहल की है। ऊर्जा मंत्री ने संगम के पवित्र जल को लोगों के घरों तक पहुंचाने की बीड़ा उठाया है। उन्होंने पवित्र जल को टैंकर के जरिए मंगाया गया है। गंगा की पवित्र त्रिवेणी का पवित्र जल घर-घर पहुंचाया जाएगा। त्रिवेणी का पवित्र जल प्रयागराज से विधिवत पूजा अर्चना के बाद ग्वालियर के लिए रवाना किया गया है। तोमर ने बताया कि वह खुद और उनकी पार्टी के कार्यकर्ता इस पवित्र गंगाजल को ढाई सौ मिलीलीटर मात्रा में लोगों को उनके घरों तक पहुंचाएंगे।

## बांसी पुलाव खाने से छात्रावास की 60 छात्राएं बीमार, 2 केयर टेकर भी अस्पताल में भर्ती

अनूपपुर। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय अमरकंटक में देर रात बालिका छात्रावास के भोजनालय (मेस) में भोजन करने के बाद लगभग 60 छात्राएं बीमार हो गईं। सिरदर्द, पेट दर्द और उल्टियों की शिकायत पर तुरंत परिसर में बने चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। दो केयरटेकर भी भर्ती कराई गई हैं।

## स्टालिन का आरोप, भाषा युद्ध के बीज बो रहा है केंद्र, राज्य पर हिंदी नहीं थोपने देंगे, अन्नामलाई ने किया पलटवार

तमिलनाडु (आरएनएस)। तमिलनाडु में भाषा को लेकर विवाद लगातार बढ़ता जा रहा है। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने आज एक बार फिर से केंद्र पर हिंदी थोपने का आरोप लगाया और कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो राज्य एक और भाषा युद्ध के लिए तैयार है। उनकी टिप्पणी केंद्र की तीन-भाषा नीति पर बढ़ती चिंताओं के बीच आई है। स्टालिन ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित एक पत्र में कहा, ''यही कारण है कि हम द्विभाषी नीति (तमिल और अंग्रेजी) का पालन कर रहे हैं।'' उन्होंने दावा किया कि भारत के कई राज्यों ने नीति पर तमिलनाडु द्वारा निर्धारित मार्ग और उसके दृढ़ रुख को समझा है और उन्होंने अपनी चिंताएं व्यक्त करना शुरू कर दिया है। एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) ने लगातार तीन-भाषा नीति का विरोध किया है। सत्तारूढ़ दल ने बार-बार 1965 के हिंदी विरोधी आंदोलन का हवाला दिया है, जिसके दौरान द्रविड़



आंदोलन ने हिंदी थोपने का सफलतापूर्वक विरोध किया था। हिंदी का वर्चस्व समाप्त नहीं होने तक इसके खिलाफ संघर्ष जारी रखने का आश्वासन देते हुए स्टालिन ने कहा, ''हम एक आंदोलन के वंशज हैं, जिसमें एक सिद्धांतवादी सेना थी जिसने तमिल की रक्षा के लिए अपने जीवन का बलिदान दिया।'' स्टालिन ने कहा कि 1965 से ही द्रमुक का अनेक बलिदान के माध्यम से हिंदी से मातृकी रक्षा करने का इतिहास रहा है। स्टालिन ने कहा, ''प्रभुत्व का विरोध करना और मातृकी रक्षा करना द्रमुक के सदस्यों के खून में समाया हुआ है। यह भावना मेरे जीवन के अंत तक कम नहीं होगी।'' गत 21 और 22 फरवरी को कुड्डालोर की अपनी यात्रा को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था कि राज्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को स्वीकार नहीं करेगा, भले ही केंद्र




जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। थाना प्रभारी गोहलपुर श्रीमति प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि सनराईज हास्पिटल रद्दी चौकी से सूचना मिली कि सिराजुद्दीन अंसारी उम्र 35 वर्ष निवासी टेढ़ीनीम दरगाह के पास हनुमानताल को लेमा गार्डन मल्टी गोहलपुर में मारपीट में घायल होने से उपचार हेतु सहाबुद्दीन अंसारी ने भर्ती किया कराया है। सूचना पर सनराईज अस्पताल पहुँची पुलिस द्वारा सिराजुद्दीन अंसारी उम्र 35 वर्ष निवासी टेढ़ीनीम दरगाह के पास हनुमानताल ने बताया कि वह अपने दोस्त इरफान अंसारी के साथ इरफान के घर जी 1 ब्लाक की प्रथम तल पर गया था ।

# चारघाट की नल जल योजना में हुआ जमकर भ्रष्टाचार

## फर्जी बिल वाउचर लगाकर किया लाखों का गोलमाल ,जांच में निकला लाखों का हेर फेर

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। बरगी नगर। नल जल जैसी मूलभूत सुविधा के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर किस हद तक भ्रष्टाचार और लापरवाही की जा रही है इसका जीता जागता उदाहरण अगर देखना हो तो आपको सहज ही ग्राम पंचायत चारघाट में देखने मिल जाएगा जहां पर नल जल योजना के नाम पर लोगों के पीने वाले पानी पर ग्राम पंचायत ने आपसी साथ गांठ कर जमकर डॉका डाला है और फर्जी बिल वाउचर लगाकर पेयजल जैसी महत्वपूर्ण योजना पर बट्टा लगा दिया है ऐसे खुला मामला कलेक्टर की जनसुनवाई दिनांक 19 11.2024 मैं चारघाट निवासी दानीराम मराठा एवं मनोज अग्रवाल द्वारा दी गई शिकायत में जब कलेक्टर के आदेश पर संयुक्त जांच टीम गठित की गई तो मामला बहुत ही चौंकाने वाला निकला कलेक्टर के निर्देशन पर जिला और जनपद के संयुक्त जांच प्रतिनिधिमंडल द्वारा जांच की गई तो यह शिकायत सत्य पाई गई और इसमें लाखों रुपए का फर्जीवाड़ा किया जाना पाया गया है।

जांच में निकली गंभीर वित्तीय अनियमितता संयुक्त जांच टीम मैं नियुक्त किए गए जनपद के उप यंत्री आशीष द्विवेदी पंचायत समन्वय अधिकारी संजय नेमा तथा पंचायत समन्वय अधिकारी जगन्नाथ परसते द्वारा जांच उपरांत प्रस्तुत किए गए प्रतिवेदन में यह साफ उल्लेखित किया है कि 15 वे वित्त आयोग एवं 5 वे राज्य वित्त आयोग की गाइडलाइन में उपरोक्त



कार्य गैर अनुमत्य श्रेणी में होने के बाद भी ग्राम पंचायत चारघाट द्वारा नियम विरुद्ध कराए गए हैं एवं उक्त कार्य कार्यों में सामग्री खरीद में मध्य प्रदेश पंचायत (सामग्री तथा माल का क्रय नियम 1999 ) के बिंदु क्रमांक 1 से 3 के प्रावधान अनुसार माल खरीदी नियम का पालन नहीं किया गया है साथ ही तत्कालीन उपयंत्री एवं सहायक यंत्री पी एच ई द्वारा भी अधिक मूल्यांकन एवं सत्यापन करके कार्य एजेंसी को लाभ पहुंचाने का कार्य परिलक्षित होता है जो गंभीर वित्तीय अनियमित की श्रेणी में आता है।

16 लाख से ज्यादा का गबन

जांच प्रतिनिधि मंडल द्वारा 8 बिंदुओं पर की गई सूक्ष्म गहन जांच के उपरांत 1637039/- सोलह लाख सौतीस हजार 39 रुपए की राशि ग्राम पंचायत के ऊपर वसूली योग्य बताई गई है जो मोटा मोटी 1.कुछ इस प्रकार है ग्राम चारघाट में नलकूप खनन के लिए 9 लाख 30000 की 15 वित से स्वीकृति दिखाई गई है जिसमें फर्जी बिल लगाकर 13 लाख 2072 रुपए अतिरिक्त आहरण किया गया है जो वसूली योग्य है

2. जीआई पाइप विस्तारीकरण में 60,744 वसूली योग्य 3. पैनल बॉक्स की खरीदी एवं स्थापना 10930 4. पाइप खरीदी में 4035 5. एचडीपीई पाइप खरीदी में 80239 6. अर्थ वर्क भूमि खुदाई काली मिट्टी और पत्थर ग्राम चारघाट में डाली गई पाइपलाइन वगैरा के कार्य के लिए 111510 कार्य किया जाना भी फर्जी भुगतान पाया गया है और राशि वसूली योग्य बताई गई है। 7. 15 वे वित्त आयोग के निर्देशानुसार स्पष्ट निर्देश है कि हैंड पंप खनन ट्यूबवेल खनन संबंधी कार्य मोटर पंप मरम्मत कार्य गैर अनुमति रहेंगे जिसकी जानकारी सरपंच एवं सचिव को होने के बाद भी 15वें वित मध् से ग्राम पंचायत चारघाट ने 9.30 लाख से नवीन नल जल योजना की स्वीकृति की गई है और उक्त राशि से नलकूप खनन मोटर पंप स्थापना एवं पाइपलाइन का कार्य किया गया है जो गाइडलाइन के विरुद्ध गैर अनुमति कार्य फर्जी प्रस्ताव के माध्यम से किया जाना पाया गया लगभग 9.लाख 30 हजार रुपए निर्माण एजेंसी ग्राम पंचायत चारघाट से वसूली योग्य पाई गई। 8. पाइपलाइन के विस्तारीकरण में भी जमकर गाल मेल किया गया है जांच के अनुसार जांच के दौरान पाइपलाइन विस्तारीकरण की फाइल जांच के दौरान प्रस्तुत नहीं की गई मात्र मूल्यांकन प्रपत्र दिया गया जिसमें तकनीकी स्वीकृति क्रमांक 191 दिनांक 29. 9. 2022 प्रशासनिक स्वीकृति क्रमांक 2 दिनांक 30. 9 .2022 लागत राशि 3.45लाख 15वां वित मध् आयोग दर्ज है इसका कल मूल्यांकन 3.44 लाख दर्ज है कैश बुक में पाइपलाइन विस्तारीकरण के नाम 355709 रुपए दर्ज है जांच मौके पर पूरे ग्राम में 1476 मीटर पाइप लाइन डालने का कार्य किया गया पाया गया है 15वें वित्त आयोग की ग्राम पंचायत खाते में जमा राशि से फर्जी बिल लगाकर 309309 की राशि एवं बिल वाउचर जांच के दौरान प्रस्तुत नहीं किए गए अतः यह संपूर्ण राशि वसूली योग्य मानी गई है

इनका कहना है- 1.जांच में आर्थिक अनियमितताएं पाई गई हैं जिसका रिकवरी प्रतिवेदन बनाकर जिला पंचायत की ओर भेजा गया है आगे की कार्यवाही वहीं से होगी

श्री उमेश मेहरा पंचायत इंस्पेक्टर जनपद पंचायत जबलपुर

2. इस संबंध में पूरे एक पेज का निष्कर्ष है जो मेरे पास अभी फोन पर नहीं है आप कार्यालय आ जाएं तो आपको बता देंगे

श्री विनोद पांडे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जबलपुर

## राजस्व वसूली का टारगेट पूरा करने अब मात्र 34 दिन शेष = निगमायुक्त प्रीति यादव ने राजस्व अमले को सख्ती से वसूली करने दिये निर्देश

# संभागवार वसूली के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारी भी बड़े करदाताओं से सम्पर्क कर बकाया करों की राशि कराएँ जमा - निगमायुक्त प्रीति यादव

## आज महाशिवरात्रि अवकाश दिवस में भी करदाताओं की सुविधा के लिए खुले रहेगें नगर निगम के सभी कैश काउंटर



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नगर निगम द्वारा संचालित राजस्व वसूली अभियान के लिए अब मात्र 34 दिन शेष हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के द्वारा वसूली अभियान की समीक्षा की गई और देखा गया कि वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी स्वास्थ्य अमले के साथ-साथ सभी वसूली नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सख्ती के साथ बकाया करदाताओं से राशि की वसूली की जावे। बार-बार समझाईश देने के बाद भी जिन करदाताओं के द्वारा बकाया करदाताओं की राशि जमा नहीं की जा रही है उनकी सम्पत्तियों को कुर्क करने की कार्रवाई एवं वैद्यानिक प्रक्रिया पूरी करते हुए नीलाम करने की कार्यवाही भी प्रस्तावित की जावे। निगमायुक्त ने करदाताओं की सुविधा एवं अधिभार से बचने के लिए भी अवकाश के दिनों में नगर निगम के सभी कैश काउंटरों को खुले रखने के निर्देश दिये हैं ताकि करदाता आसानी से नगर निगम के सभी संभागीय कार्यालयों में जाकर बकाया करों की राशि जमा कर सकते हैं। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव ने सभी करदाताओं एवं सभी शासकीय विभागों एवं संस्थाओं के प्रमुखों से भी अपील की है कि सभी करदाता बुधवार महाशिवरात्रि अवकाश के दिन निगम प्रशासन द्वारा प्रदत सुविधा का लाभ उठाकर समस्त बकाया कारों की राशि का भुगतान करें, किरायेदारी दर्ज कराएँ एवं निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें। निगमायुक्त ने अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह, उपायुक्त पी.एन. सनखेरे, एवं राजस्व अधिकारी राकेश तिवारी के साथ-साथ वसूली के लिए नियुक्त संभागवार सभी नोडल अधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि 31 मार्च तक फील्ड में संभागों एवं वार्डो का भ्रमण कर करदाताओं से सम्पर्क करें और बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कराएँ।

# 46 वीं अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने जीती



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। 46 वीं अंतरक्षेत्रीय लॉन टेनिस प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह खंडवा को 2-0 से पराजित कर विजेता बनने का गौरव पाया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ग्वालियर क्षेत्र के तत्वावधान में आयोजित प्रतियोगिता में जबलपुर क्षेत्र तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में कुल छह टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के फाइनल में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के मोहम्मद शकील परवेज खान ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के तनसुख सोलंकी को सीधे दो सेट में 6-0, 6-1 से पराजित किया व केन्द्रीय कार्यालय के प्रदीप चौधरी ने श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के सुनील कुमार मर्सकोले को 6-2, 6-1 से पराजित कर अपनी टीम को विजेता बनाया। इससे पूर्व सेमीफाइनल मुकाबलों में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर ने ग्वालियर क्षेत्र को और श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने जबलपुर क्षेत्र को पराजित किया। व्यक्तिगत मुकाबलों में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह के तनसुख सोलंकी ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के प्रदीप चौधरी को 6-2, 6-3 से पराजित कर एकल का ख?िताब जीता। युगल फाइनल में श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह की जोड़ी जावेद अंसारी व सौरभ श्रीवास्तव ने अपनी टीम के तनसुख सोलंकी व सुमित खडसे को 6-3, 3-6, 10-7 से पराजित किया। प्रतियोगिता में केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर की ओर से मोहम्मद शकील परवेज खान, डा. एसके वर्मा, प्रदीप चौधरी, महेन्द्र सोनी व आशीष गोस्वामी ने प्रतिनिधित्वि किया। केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव राजीव गुप्ता ने केन्द्रीय कार्यालय जबलपुर के विजेता बनने पर हर्ष व्यक्त करते हुए टीम को बधाई दी।





# पीड़ित मानवता की सेवा, ईश्वर की सेवा के बराबर है- अशोकानंद

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। स्वर्गीय दादा ईश्वरदास रोहाणी जी की पुण्य स्मृति में दादा ईश्वरदास रोहाणी सेवा समिति के द्वारा श्री शिव महापुराण कथा, श्री शिवमहायज्ञ एवं असंख्य रूद्री (शिवलिंग) निर्माण का आयोजन कथा प्रवक्ता आचार्य स्वामी श्री अशोकानंद जी महाराज के मंगल सानिध्य में 20 फरवरी से 26 फरवरी 2025 तक सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल प्रांगण, रांझी में केंट विधायक श्री अशोक रोहाणी के निर्देशन में आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतिम दिवस 26 फरवरी महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर प्रातः 08 से 10 बजे तक रूद्री शिवलिंग का निर्माण, 10 बजे से 12 बजे दोपहर तक कथा का समापन एवं प्रसाद वितरण दोपहर 12 बजे विशाला भण्डारा विधायक श्री अशोक रोहाणी जी के द्वारा किया जावेगा। कार्यक्रम के षठम दिवस प्रातः 09 बजे से सैंकड़ों की संख्याओं में रूद्री शिवलिंग का निर्माण किया। दोपहर 12 बजे से 01 बजे तक शिव भक्ति का संगीतमय आयोजन हुआ एवं भण्डारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। इसके पश्चात् स्वामी अशोकानंद महाराज जी के द्वारा शिव महापुराण की कथा का महत्व बताते हुए कहा कि इस पुराण में उल्लेख है कि हर व्यक्ति को अपने जीवनकाल में दीन दुखियों की सेवा करना चाहिए, पीड़ित मानवता की सेवा, ईश्वर की सेवा के बराबर है। इस अवसर पर विधायक श्री अशोक रोहाणी, सचिन जैन सहारा, दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेगर, सुधीर बेन, मिक्की शर्मा, हैप्पी सिंह, श्रीमती सुमन बर्मन, दशरथ पटेल, प्रभाशंकर कुशवाहा, ब्रजलाल श्रीपाल, राकेश लखेरा, पवन रजक, शोभित आनंद, श्रीमती मुन्नी पटेल, आकाश पटेल, श्रीमती सुधा तिवारी, श्रीमती रानी मिश्रा, श्रीमती पुष्पा खुलबे, श्रीमती माधवी लखेरा, कैलाश रजक, दशरथ रजक, पप्पू सोनकर, बबलू लालपुरी, गुड्डा दुबे, सहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्री महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर खारीघाट स्थित गोंडवाना कालीन प्राचीन शिव पंचायतन मन्दिर में पूजन अभिषेक आज

जबलपुर। श्री महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर ग्वारीघाट (खारीघाट) स्थित गोंडवाना कालीन अतिप्राचीन श्री शिव पंचायतन मन्दिर में पूजन एवं महाभिषेक कल बुधवार 26 फरवरी 2025 को विद्वान यज्ञाचार्य भागवत कथावाचक पंडित श्री राधेश्याम शर्मा %शास्त्री% के सानिध्य में 11 विप्र पुरोहितों द्वारा सम्पन्न कराया जायेगा। आयोजन समिति के श्री संदीप जैन ने बताया अति प्राचीन मंदिर में चार पहर का पूजन अभिषेक के आयोजन का यह 21वा. वर्ष है। इस वर्ष चार पहर का पूजन अभिषेक कल शाम 7 बजे प्रारम्भ होगा जो गुरुवार को प्रातः 6 बजे तक संपन्न होगा। श्री जैन ने बताया ज्योतिषीय गणना के अनुसार जबलपुर (मप्र) में मां नर्मदा तट के ग्वारीघाट (खारीघाट) स्थित गोंडवाना काल के प्राचीन शिव पंचायतन मंदिर में पूजन का विशेष महत्व है। पौराणिक ग्रंथों के आधार पर नर्मदा तट पर शिव पंचायतन मंदिर अपने आप में दुर्लभ माना गया है। उन्होंने बताया इस महाभिषेक पूजन का दर्शन करने का महत्व भी किसी पूजन से कम नहीं है। परिवार के सदस्यों सहित पूजन के लिए अलग से व्यवस्था रहती है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से महाभिषेक में शामिल होने एवँ दर्शन का पुण्य लाभ लेने हेतु उपस्थिति का आग्रह किया है।

# हितकारिणी इंजीनियरिंग कॉलेज में कम्युनिकेशन स्किल्स बढ़ाने दिए टिप्स



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। हितकारिणी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी के मैनेजमेंट विभाग के अंतर्गत दो दिवसीय एक्सपर्ट टॉक सीरीज का आयोजन किया गया, जिसमें सॉफ्ट स्किल्स, रिज्यूमे राइटिंग और इंटरव्यू में सफलता प्राप्त करने के टिप्स दिए गए। इस अवसर पर देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर की डॉ प्रीति सिंह और डॉ निशा सिद्दीकी ने कम्युनिकेशन स्किल्स बढ़ाने छात्राओं को टिप्स दिए। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और साक्षात्कार देने के लिए रिज्यूमे तैयार करने की विशेषताओं पर ध्यान देने की सलाह दी गयी। उन्होंनें बताया कि संचार कौशल में केवल शब्दों ही नहीं बल्कि आवाज के उतार चढ़ाव, चेहरे के हाव भाव और बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ रिंकू कथूरिया, वित्त नियंत्रक सतीश रांका, डॉ सुलक्षणा त्रिपाठी, डॉ तृप्ति श्रीवास्तव, प्रो अंशुता शर्मा, डॉ पुनीत दुग्गल, प्रो सलिल जैन, प्रो शानु शुक्ला, प्रो रश्मि तिवारी सहित स्टाफ और स्टुडेंट्स उपस्थित रहा।

## आज की जनसुनवाई में प्राप्त हुए 13 प्रकरण



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। आज निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने जनसुनवाई कक्ष में आज दिनांक 25 फरवरी 2025 को प्रातः 11:00 बजे से 01:00 बजे तक नागरिकों की समस्याएँ सुनी। इस दौरान भवन शाखा की 2, अतिक्रमण की 3, लोककर्म की 3, उद्यान की 1, स्वास्थ्य की 2, जल की 1, कुल 13 जनसमस्याएँ प्राप्त हुई, जिसका निराकरण सुनवाई के दौरान ही किया गया। अपर आयुक्त आर.पी. मिश्रा एवं सहायक आयुक्त वेदप्रकाश ने बताया कि सभी प्राप्त शिकायतें संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द निराकरण हेतु प्रेषित की गयी हैं। उन्होंने बताया कि नगर निगम के संभाग क्रमांक 1 से 16 में भी जनसुनवाई का आयोजन किया गया तथा नागरिकों की समस्याएँ सुनी गई और उनका निराकरण भी कराया गया।

# पश्चिम मध्य रेलवे से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ-2025 के दौरान परिचालनीय कारणों के चलते कुछ रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया है। जिसमें पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी, जिसका विवरण निम्?नवत है-

प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियाँ-

1) 12165 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनाँक 27.02.2025 एवं 28.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी।

2) 12166 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस दिनाँक 28.02.2025 एवं 01.03.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी। 3) 15017 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर, काशी एक्सप्रेस दिनाँक 27.02.2025 एवं 28.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-बाराबंकी होकर गंतव्य को जाएगी। 4) 15018 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, काशी एक्सप्रेस दिनाँक 28.02.2025 एवं 01.03.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया बाराबंकी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी। 5) 11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर, पवन एक्सप्रेस दिनाँक 27.02.2025 एवं 28.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी। 6) 11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस,पवन एक्सप्रेस दिनाँक 27.02.2025 एवं 28.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी। 7) 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 27.02.2025 एवं 28.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-जौनपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी। 8) 11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 28.02.2025 एवं 01.03.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-बीना होकर गंतव्य को जाएगी। 9) 18205 दुर्ग-नवतनवा एक्सप्रेस दिनाँक 27.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया सतना-ओहन-बाँदा-कानपुर सेंट्रल-गोरखपुर होकर गंतव्य को जाएगी। 10) 11037 पुणे-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनाँक 27.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी। 11) 12294 प्रयागराज जंक्शन-लोकमान्य तिलक टर्मिनस दुरंतो एक्सप्रेस दिनाँक 01.03.2025 को प्रयागराज से प्रारम्भ होकर अपने परिवर्तित मार्ग वाया भीमसेन-खैरार-ओहन-सतना होकर गंतव्य को जाएगी। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेनों की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, रेल मदद 139 अथवा ऑनलाइन वेबसाइड से प्राप्त कर यात्रा प्रारम्भ करें।

## शोभायात्रा एवं दीप प्रज्जवलन के साथ आध्यात्मिक प्रदर्शनी एवं विराट पुस्तक मेला का शुभारंभ

# मेरा स्वरूप मेरी पुस्तकों में समाहित है - श्रीराम शर्मा आचार्य






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। गायत्री परिवार, जबलपुर के द्वारा लगाये जा रहे विराट पुस्तक मेला की आज वेद ग्रंथ धारी महिलाओं के द्वारा शोभायात्रा गायत्री शक्तिपीठ श्रीनाथ की तलैया से प्रारंभ होकर शहीद स्मारक गोल बाजार में समाप्त हुई। इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री अखिलेशनंद जी एवं भूतपूर्व न्यायाधीश श्री आई एस श्रीवास्तव, गायत्री तपोभूमि मथुरा से पधारे हुए वरिष्ठ आचार्य श्री राम मुरारी गुप्ता जी, शांतिकुंज हरिद्वार से पधारे हुए श्री आशीष सिंह के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां गायत्री, पूज्य गुरुदेव वेद मूर्ति तपोनिष्ठ पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य जी , परम वंदनीय माताजी एवं 33 कोटी देवी देवताओं के आह्वान के साथ प्रदर्शनी का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर महामंडलेश्वर श्री अखिलेश्वरानंद जी द्वारा बतलाया गया कि उन्होंने स्वयं शांतिकुंज जाकर आचार्य श्री द्वारा रचित साहित्य का अध्ययन किया है एवं उनका साहित्य उच्च कोटि का है जो प्रत्येक वर्ग को ध्यान में रखकर लिखा गया है। सेवनिवृत्त न्यायाधीश श्री आई एस श्रीवास्तव जी द्वारा बताया कि वह स्वयं नित्य आचार्य जी के सद्वाक्यो का अवलोकन करते हैं और उनके द्वारा दूसरे लोगों तक पहुंचाने का कार्य नित्य किया जाता है। जब से में आचार्य जी के संपर्क में आया हूं तभी से नित्य आचार्य जी के साहित्य का अध्ययन कर रहा हूं और मेंने अपने जीवन में आमूलचूल परिवर्तन भी महसूस किया है । तपोभूमि मथुरा से पधारे हुए श्री गुप्ता जी द्वारा बताया की गुरु का साहित्य अद्वितीय एवं अनुपम है। वर्तमान की प्रत्येक समस्याओं का समाधान इसके अंदर लिखा हुआ है। इसलिए जनमानस को नित्य आचार्य श्री के रचित साहित्य का स्वाध्याय करना आवश्यक है। मुख्य ट्रस्टी श्री बी बी शर्मा द्वारा बताया गया है कि पुस्तक मेला नित्य प्रातः 11-00 बजे से रात्रि 9-00 बजे तक खुला रहेगा एवं 3-00 बजे से शाम 6-00 बजे तक प्रबुद्ध वर्ग के उद्बोधन होंगे । कल के मुख्य वक्ता होंगे श्री आनंद जी विभाग प्रमुख आरएसएस एवं अन्य गणमान्यों के उद्बोधन होंगे। मेला संयोजक श्री जगदीश दीक्षित द्वारा आम जनता से पुस्तक मेले में आकर आचार्य श्री के साहित्य का स्वाध्याय करके अपने जीवन को सफल बनाने का आवाहन किया है



भोपाल -कृषि, उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण विभाग द्वारा इनवेस्ट मध्यप्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 में आयोजित सीड टू सेल्फ इन लांचिंग इन्वेस्टमेंट अपार्चुनिटी इन एमपी एग्री फूड एण्ड डेयरी सेक्टर पर आयोजित सत्र में केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में निवेश की अपार संभावनाएँ हैं। मध्यप्रदेश निवेश के लिये आवश्यक अधोसंरचना के साथ एक लाख हैक्टेयर का लैण्ड बैंक रखने वाला देश का पहला राज्य है। उन्होंने कहा कि उद्यानिकी फसलों के अंतर्गत टमाटर, मटर, प्याज, लहसुन, मिर्च, गेहूँ और चावल उत्पादन में देश अग्रणी है।

**प्रदेश से लगाव, मध्यप्रदेश की सामूहिक शक्ति का प्रतीक-प्रवासी भारतीयों को मध्यप्रदेश की विकास यात्रा में सहभागिता के लिए किया आमंत्रित-सेक्टर वाइज समिट का होगा आयोजन, शुरुआत कृषि से**

# मध्यप्रदेश देश के सबसे तेज़ी से विकसित होने वाले राज्यों में है शामिल - मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल-(आरएनएस) मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश के प्रवासी भारतीयों का स्वागत करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश तेज गति से आगे बढ़ता हुआ राज्य है। विकास के सभी क्षेत्रों में निवेश की नई संभावनाएँ उभरकर सामने आई हैं। प्रदेश के प्रत्येक भू-भाग में विकास और निवेश संभावनाओं को तलाशने के लिये रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन किया। भोपाल में हो रही जीआईएस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, का 8वाँ संस्करण है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में विकास के विभिन्न क्षेत्रों में नई संभावनाओं से प्रवासी भारतीय परिचित हो रहे हैं। प्रदेश में सभी क्षेत्रों - आईटी, फार्मा, बॉयोटेक समेत विभिन्न सेक्टर्स में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 18 नई नीतियाँ लागू की गई हैं। उन्होंने कहा कि अब सेक्टर-वाइज समिट का आयोजन किया जाएगा। इसकी शुरुआत कृषि क्षेत्र से होगी। निवेशकों के लिए सरलीकृत प्रक्रिया और उद्योग-अनुकूल वातावरण तैयार किया गया है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के प्रवासी भारतीयों और निवेशकों का स्वागत करते हुए कहा कि सभी क्षेत्र निवेश के लिए खुले हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रवासी भारतीयों के प्रति अपने गहरे जुड़ाव को व्यक्त करते हुए कहा कि जब लंदन में मध्यप्रदेश के निवासी मेयर बनते हैं, तो यहाँ भी खुशी से आतिशबाजी की जाती हैं। जब जिम्बाब्वे में मध्यप्रदेश का रहने वाले या यहां की जड़ों से जुड़ा हुआ व्यक्ति मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित करते हैं, तो यहाँ भी खुशियाँ मनाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह आंतरिक लगाव और मध्यप्रदेश की सामूहिक शक्ति का प्रतीक है, जो दुनिया के किसी भी कोने में अपने लोगों की सफलता पर गर्व महसूस करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में प्रवासी मध्यप्रदेश समिट में मध्यप्रदेश के प्रवासी नागरिकों, फ्रेंड्स ऑफ़ एमपी, इंडिया कनेक्ट के सदस्यों का स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में रोजगार के नये अवसरों के सृजन में प्रदेश के प्रवासी भारतीयों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने प्रवासी भारतीयों से अपील करते हुए कहा कि वे मध्यप्रदेश में निवेश कर यहाँ के विकास में भागीदार बनें। उन्होंने आश्वस्त किया कि मध्यप्रदेश सरकार निवेशकों को हर संभव सहयोग प्रदान करेगी और प्रदेश को एक वैश्विक निवेश गंतव्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बाबा महाकाल की भस्म आरती का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि बाबा महाकाल की भस्म आरती में पंचामृत से शरीर को निर्मल किया जाता है इसके बाद विधिवत पूजा कर अंत में भस्म से शरीर को ढंका जाता है। भस्म आरती जीवन को सार्थक करने का लघु सिद्धांत भी सिखाती है। उन्होंने महाकाल की भस्म आरती का महत्व समझाते हुए कहा कि भस्म आरती जन्म से मृत्यु तक के दर्शन का लघु रूप है। यह हर क्षण स्मरण कराती है कि जीवन में सर्वश्रेष्ठ कार्य करते जायें और समय पर हर कार्य पूरा करें। उन्होंने कहा कि उज्जैन आध्यात्मिक नगरी के साथ ही समय (काल) की नगरी भी है। उन्होंने प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए कहा कि यह आध्यात्मिक कुंभ है और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट सांसारिक और आर्थिक महाकुंभ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाकाल भस्म आरती के दुर्लभ दर्शन की वीआर (वर्चुअल रियलिटी) हेडसेट सेवा भी लॉन्च की। (वीआर) वीथि संकुल में उपलब्ध रहेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समय के सदुपयोग और कर्म पर बल देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भी गीता में यही उपदेश दिया है कि सभी को अपने कर्मों के माध्यम से समाज के उत्थान के लिए कार्य करना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जो प्रवासी भारतीय सफलता की ऊंचाइयों पर पहुँचे हैं, उन्हें मध्यप्रदेश में निवेश करना चाहिए। इससे वे न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करेंगे, बल्कि हजारों लोगों के जीवन में सुधार लाने का पुण्य भी अर्जित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फ्रेंड्स ऑफ एमपी (यूके चैप्टर) के आबिद फारूकी और टीम के द्वारा मध्यप्रदेश के पर्यटन को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के लिए पर्यटन प्रमोशन फ्रेम का अनावरण किया।

मध्यप्रदेश सरकार करेगी पूर्ण सहयोग

प्रमुख सचिव, प्रवासी भारतीय विभाग श्री संदीप यादव ने कहा कि नीति-निर्माण से विषयों पर केंद्र सरकार निर्णय लेती है, लेकिन मध्यप्रदेश सरकार स्थानीय स्तर की समस्याओं के समाधान के लिए पूर्ण सहयोग प्रदान करेगी। एमपीआईडीसी के कार्यकारी निदेशक, श्री सुविध शाह ने विदेश व्यापार से जुड़े विभिन्न प्रावधानों और मध्यप्रदेश में व्यापारिक सहयोग की संभावनाओं पर विस्तृत जानकारी दी।

फ्रेंड्स ऑफ एमपी (यूएई चैप्टर) के अध्यक्ष श्री जितेंद्र वैद्य ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सशक्त और विकासपरक सोच के कारण मध्यप्रदेश आज हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। हांगकांग के लीडिंग इन्वेस्टर और इंडिया कनेक्ट के ग्लोबल प्रेसिडेंट श्री संजय नागरकर ने मध्यप्रदेश की औद्योगिक प्रगति की सराहना की। श्री नागरकर ने कहा कि मध्यप्रदेश ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस के मामले में लगातार प्रगति कर रहा है और लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से यहाँ असीम संभावनाएँ हैं।

उन्होंने बताया कि इंडिया कनेक्ट ग्रुप ने निकट भविष्य में 65 हजार करोड़ रुपये के निवेश का संकल्प लिया है। हाल ही में 6 हजार 500 करोड़ रुपये के निवेश का एमओयू भी साइन किया गया है। उन्होंने बताया कि इंडिया कनेक्ट समूह अब बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के साथ बॉयो केमिस्ट्री में एमओयू करने जा रहा है और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में भी कार्य करेगा।

बंकिंघमशायर (लंदन) की मेयर सुश्री प्रेरणा भारद्वाज, फ्रेंड्स ऑफ एमपी (बॉस्टन चैप्टर) के अध्यक्ष श्री रोहित दीक्षित, कार्यक्रम में फ़िजी के हाई कमिश्नर श्री जगन्नाथ साई, जिम्बाब्वे के श्री राज मोदी, फ्रेंड्स ऑफ एमपी चैप्टर के कई सदस्य और मध्यप्रदेश से जुड़े प्रवासी भारतीयों ने समिट में सहभागिता की। इस अवसर पर मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं पर केंद्रित लघु फ़िल्मों का प्रदर्शन किया गया।

**मध्यप्रदेश को इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में विकसित करने की दिशा में बड़ा कदम, प्रमुख सड़क परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा**

# मध्यप्रदेश में निवेश के नए अवसर, विकास की नई राहें-एमडी यादव



भोपाल(आरएनएस) ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 के पहले दिन सड़क अवसंरचना में तेजी- निवेश, नवाचार और संभावनाएं थीमैटिक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में सार्वजनिक एवं निजी भागीदारी, विदेशी निवेश संभावनाओं, सतत एवं स्मार्ट अवसंरचना विकास, बहु-मोडल कनेक्टिविटी और प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में निवेश के अवसरों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सत्र में एमपीआरडीसी के प्रबंध निदेशक श्री भरत यादव, सेवानिवृत्त महानिदेशक, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय श्री आई.के. पांडेय, क्षेत्रीय अधिकारी भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण श्री एस.के. सिंह, मुख्य परिचालन अधिकारी क्यूब हाईवेज डॉ. राजू, प्रबंध निदेशक पाथ इंडिया श्री नितिन अग्रवाल, कार्यकारी उपाध्यक्ष एसबीआई कैप्स श्री मुकुल मोदी सहित कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं ने भाग लिया। मध्यप्रदेश में सड़क अवसंरचना क्षेत्र में निवेश और विकास की संभावनाओं पर गहन विमर्श हुआ। सत्र की शुरुआत में एमपीआरडीसी के प्रबंध निदेशक श्री यादव ने एक विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया, जिसमें मध्यप्रदेश के सड़क नेटवर्क, निवेश अवसरों और नवाचारों पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश तेजी से भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर हब के रूप में उभर रहा है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश 47 राष्ट्रीय राजमार्गों से जुड़ा हुआ है और 3.5 लाख किलोमीटर से अधिक सड़क नेटवर्क इसे देश के प्रमुख व्यापारिक केंद्रों से जोड़ता है। इसके अलावा, राज्य में 6 वाणिज्यिक हवाई अड्डे, 26 एयर-प्स और एक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा हैं, जो वैश्विक कनेक्टिविटी को और अधिक सशक्त बना रहे हैं। राज्य सरकार बहु-मोडल कनेक्टिविटी को बढ़ावा दे रही है, जिससे औद्योगिक और आर्थिक गतिविधियां सुगम हो रही हैं। थीमैटिक सत्र में राज्य में चल रही और आगामी प्रमुख सड़क परियोजनाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। इनमें अटल प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस-वे, नर्मदा प्रगति पथ, मालवा-निमाड़ विकास पथ, बुंदेलखंड विकास पथ और मध्य भारत विकास पथ जैसी परियोजनाएँ शामिल हैं। इनका उद्देश्य प्रदेश के औद्योगिक और आर्थिक विकास को गति देना और निवेशकों के लिए लॉजिस्टिक्स एवं परिवहन सुविधाओं को सुगम बनाना है।

## होलिका दहन में लकड़ी की जगह गो-काष्ठ का होगा उपयोग

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी भोपाल में पर्यावरण संरक्षण के लिए एक अनूठी पहल की जा रही है। होलिका दहन में लकड़ी की जगह गो-काष्ठ के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण प्रदूषण को कम करना और पेड़ों की कटाई को रोकना है।

शहर के 12 प्रमुख समाज और कई संगठन इस पहल में शामिल हुए हैं। गो-काष्ठ संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण समिति के प्रमुख सलाहकार डॉ. मोरेंद्र सक्सेना के अनुसार, गोकाष्ठ को कपड़े के थैलों में पैक कर जनता को वितरित किया जाएगा। समिति कॉलोनी के अध्यक्षों और रहवासी समितियों से लगातार संपर्क में है। पिछली होली में इस मुहिम का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला।

## पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन किया गया



भोपाल (निप्र)। विगत रविवार को परमपूज्य परमहंस योगीराज श्री शक्तिपुत्र जी महाराज के निर्देशानुसार पांच घंटे का अखंड श्री दुर्गा चालीसा पाठ का आयोजन रामकुमार यादव जी के निज निवास ललिता नगर कोलार रोड भोपाल में किया गया जिसमें सैकडों की संख्या में भक्तों ने हिस्सा लिया। जिसमें टीम प्रमुख की भूमिका दीपक पटेल द्वारा निभाई गई। चालीसा पाठ के पश्चात गुरूवर एवं माता जी के जयकारों का उद्घोष किया गया। साथ ही समाज में हैजा व मलेरिया जैसे फैल रहा नशा व मांशाहार का सेवन कर रहें उन लोगों को उसे छोडने व भक्ति मार्ग अपनाने हेतु अपील की गई। साथ ही सुन्दर व मर्यादित समाज को बुनने में योगदान प्रदान करने हेतु उत्साहवर्धन किया गया।

# पंडित धीरेंद्र शास्त्री की शादी को लेकर पीएम मोदी ने कह डाली बड़ी बात

छतरपुर (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज सार्वजनिक मंच से ऐलान किया कि वे ना केवल मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर अस्पताल के उद्घाटन समारोह में आएंगे, बल्कि बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की बारात में भी शामिल होंगे।

मोदी बागेश्वर धाम में बनने वाले कैंसर अस्पताल के शिलान्यास समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान मोदी ने हास परिहास करते हुए कहा कि अब तक पंडित धीरेंद्र शास्त्री ही सबकी 'पर्ची' निकालते आए हैं, पर क्या वे अकेले ही पर्ची निकालेंगे। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि आज बागेश्वर धाम आकर श्री हनुमान ने उन्हें भी आशीर्वाद दे दिया है और इसी के तहत उन्होंने पंडित शास्त्री की माता जी की मनोकामना की पर्ची निकाली है और उनके मन की बात को सबके सामने लेकर आए हैं। इसी क्रम में उन्होंने कहा कि वे ना केवल कैंसर अस्पताल के उद्घाटन के लिए भी आएंगे, बल्कि पंडित शास्त्री की बारात में भी आएंगे।

दरअसल इसके पहले पंडित शास्त्री ने अपने संबोधन के दौरान मोदी से आग्रह किया था कि वे भले उनके (पंडित शास्त्री के) ब्याह में ना आएं, पर कैंसर अस्पताल के उद्घाटन समारोह में अवश्य आएं। पंडित शास्त्री ने कहा था कि आज बागेश्वर धाम पहुंचने पर मोदी ने उनकी माता जी से मुलाकात की और कहा कि वे उनकी 'पर्ची' खोल रहे हैं। माता जी के मन में चल रहा है कि उनके बेटे (पंडित शास्त्री) का ब्याह हो जाए। प्रधानमंत्री मोदी के अपनी माता जी के प्रति भाव का सम्मान करते हुए पंडित शास्त्री ने घोषणा की कि निर्माणाधीन कैंसर अस्पताल के एक वार्ड का नाम प्रधानमंत्री मोदी की माता जी के नाम पर रखा जाएगा। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बारे में दावा किया जाता है कि वे लोगों के नाम की पर्ची खोल कर उनके मन के भाव पढ़ लेते हैं। ये पूरा संवाद इन्हीं पर्चियों के संदर्भ में था।

# महिला सशक्तिकरण के लिये सामाजिक जागरुकता की और अधिक जरुरत -मंत्री सारंग




भोपाल(आरएनएस)-खेल एवं युवा कल्याण मंत्री खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने कहा कि महिला सशक्तिकरण के लिये समाज को और अधिक जागरूक करने की जरूरत है । महिलाओं को स्वयं को कमजोर नहीं समझना चाहिए। उन्होंने कहा और कि महिला सशक्त होगी तो घर, समाज, देश सशक्त होगा। महिलाओं के बिना पुरुष भी अधूरा है। मंत्री श्री सारंग ने जीआईएस में विकसित भारत यंग लीडर डायलॉग के तहत महिलाओं को सशक्त बनने और अधिक सामाजिक संकेतकों में सुधार करना विषय पर संबोधित किया। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन है कि वर्ष 2047 में भारत विश्व का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बने। इसमें महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उनके सशक्त होने से ही देश सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं को भी अपनी मानसिकता बदलनी होगी, वृद्ध अपने आपको अबला न समझे। वह घर, परिवार, समाज और देश की निर्माता है। महिलाओं के बिना समाज की परिकल्पना भी नहीं की जा सकती। प्राचीन समय में भी महिला प्रधान समाज हुआ करता था। हम जान, शक्ति और धन अर्जित करने के लिये माँ सरस्वती, माँ दुर्गा और माँ लक्ष्मी की पूजा अर्चना करते हैं। पिछले 75 वर्षों में महिलाओं की स्थिति पर विचार किया जाना चाहिए।

मंत्री श्री सारंग ने कहा कि महिलाओं के लिए उनके वर्क प्लेस पर अनुकूल वातवरण बने। इसके लिये शासकीय और अशासकीय संस्थानों में विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हर क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि महिला-पुरुष को अलग-अलग न मानते हुए सकरात्मक सोध के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति महिला प्रधान रही है।

स्टील इनोवेशन प्रा.लि. की डायरेक्टर सुश्री निधि अग्रवाल ने प्रत्येक संस्था में पुरुष एवं महिला नहीं हुनर के हिसाब से वेतन देने की बात कहीं। उन्होंने ग्रामीण और शहरी महिलाओं की परिस्थिति पर अलग-अलग विचार करने को कहा। स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. प्रिया भाव चितावर ने महिलाओं के स्वास्थ्य पर विचार करने को कहा। उन्होंने महिलाओं के वर्क प्लेस पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का सुझाव दिया। मेजर अनिकेत चतुर्वेदी ने महिला सुरक्षा और उनके आत्म-विश्वास को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## शक्ति ग्रुप ने रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र में 1700 करोड़ रुपये के निवेश की घोषणा की

**सीधे और अप्रत्यक्ष रूप से 7500 नौकरियां पैदा होंगी**

भोपाल,(आरएनएस) मध्य प्रदेश -सोलर पम्पस और मोटर्स के अग्रणी निर्माता और आपूर्तिकर्ता शक्ति पंप्स (इंडिया) लिमिटेड ने आज मध्य प्रदेश में 1700 करोड़ रुपये के महत्वपूर्ण निवेश की घोषणा की। पीथमपुर में लगभग 64 हेक्टयर इंडस्ट्रियल लैंड पर होने जा रहे इस विस्तार में रिन्यूएबल एनर्जी सोलर वेफ़र से सोलर सेल, सोलर पंपिंग सिस्टम और इलेक्ट्रिक व्हीकल कम्पोनेंट्स के लिए अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स स्थापित होंगी, जिससे प्रदेश में रोजगार के बड़े अवसर पैदा होंगे। इन प्रोजेक्ट्स में प्रोडक्शन शुरू होने पर शक्ति पम्पस देश की पहली कंपनी होगी जिसके पास सोलर पम्पिंग इंडस्ट्री की सारी जरूरतें जैसे पम्पस, मोटर्स, सोलर पैनल, स्ट्रक्चर, वीएफ़डी, इन्वर्टर आदि बनाने की क्षमता होगी। 1982 में स्थापित शक्ति पंप्स की भारतीय बाजार में 40 से अधिक वर्षों की समृद्ध विरासत है। कंपनी घरेलू, कृषि, औद्योगिक, सौर और सीवेज पंप सहित पंपों की एक विस्तृत श्रृंखला पेश करती है, जो अलग - अलग जरूरतों को पूरा करती है। भारतीय सोलर पंप मार्केट में एक मान्यता प्राप्त लीडर, शक्ति पंप्स एनर्जी एफिशिएंसी और स्थिरता पर जोर देते हुए दुनिया भर के 100 से अधिक देशों में अपने उत्पादों का निर्यात करता है।

**प्रदेश का औद्योगिक परिदृश्य के लिये एमएसएमई उपलब्ध करा रहा है नये अवसर**

# मध्यप्रदेश का हर शहर है आर्थिक केंद्र- एमएसएमई पर हुई विस्तृत चर्चा



भोपाल (आरएनएस) मध्यप्रदेश का हर शहर अपने आप में एक आर्थिक केंद्र है। इंदौर में फार्मास्यूटिकल्स, टेक्सटाइल और ऑटो-कंपोनेंट के क्लस्टर हैं। प्रदेश में एक विविध औद्योगिक परिदृश्य है जो एमएसएमई के लिए नए अवसर देता है। राज्य में सूती वस्त्र, कृत्रिम कपड़े, चीनी मिलें, वनस्पति तेल, सोयाबीन तेल, सीमेंट, भारी विद्युत उपकरण, कागज और फर्नीचर जैसे उद्योग स्थापित हैं। इसके अलावा 15 से ज्यादा औद्योगिक क्लस्टर हैं। प्रत्येक क्लस्टर की अपनी विशेषज्ञता है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में भारतीय उद्योग परिसंघ मध्य प्रदेश ने एमएसएमई के विकास के लिए नए अवसरों की पहचान के लिए विशेषज्ञों की विशेष मीटिंग बुलाई है। श्री सुधीर मुतालिक, सदस्य-सीआईआई राष्ट्रीय परिषद ने कहा की मध्यप्रदेश के तेज गति से आर्थिक विकास करने के लिए एमएसएमई के सभी सेक्टरों को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए सभी स्तरों पर निवेश की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश से जुड़े कई राज्यों ने पारंपरिक कारणों से एमएसएमई के क्षेत्र में आगे बढ़कर काम किया है। मध्यप्रदेश में इसकी असीम संभावना है। अब इस सेक्टर को और अधिक आगे बढ़ाने के लिए नई नीति भी आ गई है। उन्होंने विशेषज्ञों से आग्रह किया कि वे अनुभव से मध्यप्रदेश में एमएसएमई विकास को बढ़ावा देने के लिए नीतियों और रणनीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। विस्तृत चर्चा में सुश्री प्रियंका दास, सचिव, एमएसएमई विभाग, मध्यप्रदेश, श्री कुलीन लालभाई, अध्यक्ष, सीआईआई राष्ट्रीय वस्त्र एवं परिधान समिति, डॉ के नंदकुमार, सदस्य, सीआईआई राष्ट्रीय परिषद अध्यक्ष, नीति एवं व्यापार सुगमता पर कोर समूह, सीआईआई राष्ट्रीय एमएसएमई परिषद और श्री आशीष वैश्य, अध्यक्ष, सीआईआई मध्य प्रदेश और अन्य सभी प्रतिभागी शामिल रहे। भोपाल जैव प्रौद्योगिकी, सूचना प्रौद्योगिकी और खाद्य प्र-संस्करण के केंद्र के रूप में उभर रहा है।

## एचडीएफसी लाइफ ने हर किसी के सपनों और लक्ष्यों को साकार करने के लिए लॉन्च किया क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज

जबलपुर-(आरएनएस) भारत की प्रमुख जीवन बीमा कंपनियों में से एक, एचडीएफसी लाइफ ने अपना नया उत्पाद %एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव पार एडवांटेज% लॉन्च किया है। यह एक पार्टिसिपेटिंग प्लान है, जिसे लोगों के जीवन के अलग-अलग चरणों में आने वाले महत्वपूर्ण लक्ष्यों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। आमतौर पर जब लोग अपने बढ़ते सपनों और जरूरतों के लिए बचत करते हैं, तो वे जल्दी पैसे निकालने की सुविधा, लचीलेपन और भविष्य के लिए आर्थिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। यह प्लान इन्हीं जरूरतों को पूरा करने के लिए खासतौर पर डिज़ाइन किया गया है।

### इस प्लान में कुछ प्रमुख विशेषताएँ शामिल हैं

अगर पॉलिसीधारक का दुर्भाग्यवश निधन हो जाता है, तो आगे प्रीमियम भरने की जरूरत नहीं होती है। इसके तहत तुरंत एकमुश्त राशि दी जाती है और पॉलिसी के बाकी फायदे नामांकित व्यक्ति या परिवार को मिलते रहते हैं। इसके अलावा, ग्राहक अपनी जरूरत के हिसाब से डेथ बेनेफिट का विकल्प भी चुन सकते हैं, जिसमें 5 गुना, 7 गुना या 11 गुना तक का कवर शामिल है।

साथ ही, वे अपने कैश बोनस को पेड-अप एडिशन में बदलकर पॉलिसी की अवधि के दौरान कभी भी निकाल सकते हैं।

सम्पादकीय

अभिव्यक्ति हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है।




अर्थात शिवजी के सुंदर मस्तक पर चनद्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं। भगवान शंकर के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित कर दिया गया। किसी ने पूछा, कि हे भोलेनाथ! आपने उस चन्द्रमा को सीस पर स्थान क्यों दिया, जो कि मन की भाँति चँचल है। गौतम नारि अहल्या का जिसने शील भँग करने का कुप्रयास किया हो, क्या उसे सीस पर सजाना उचित है?



## जिम्मेदारियों का निर्वहन अधिकारियों के जेहन

सुप्रीम कोर्ट ने कार्यस्थल पर वरिष्ठों के बर्ताव को लेकर बड़ा फैसला दिया है। कहा कि वरिष्ठ अधिकारियों की डांट-फटकार को इरादतन किया गया अपमान नहीं माना जा सकता, जिस पर आपराधिक कार्यवाही की जरूरत हो। ऐसे मामलों में व्यक्तियों के विरुद्ध आपराधिक आरोप लगाने की अनुमति देने से गंभीर परिणाम हो सकते हैं। पीठ ने कहा महज गाली-गलौच, असभ्यता व अशिष्टता भारतीय दंड संहिता की धारा 504 के तहत आदतन किया गया अपमान नहीं है। यह धारा शांति भंग करने के इरादे से जान-बूझकर अपमान करने से संबंधित है, जिसमें दो साल की सजा का प्रावधान है। मामले में राष्ट्रीय दिव्यांग सशक्तिकरण संस्थान के कार्यवाहक निदेशक पर सहायक प्रोफसर को अपमानित करने का आरोप था। शिकायतकर्ता के अनुसार निदेशक ने अन्य कर्मचारियों के समक्ष डांटा व फटकारा था। यह सच है कि कार्यस्थल से संबंधित अनुशासन और कर्तव्यों के निर्वहन से जुड़ी फटकार, जो व्यक्ति कार्यस्थल पर प्रबंधन करता है, वह अधीनस्थों से अपनी जिम्मेदारी पूरी निष्ठा व समर्पण से पूरी करने की उम्मीद करेगा। हालांकि स्पष्ट तौर पर देखने में आता है कि अनुशासन के नाम पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थों के साथ संतुलित बर्ताव का अभाव नजर आता है। लहजा गलत हो भी तो नीयत बुरी नहीं होनी चाहिए, परंतु इस बारीक अंतर को समझना या समझा पाना भी आसान नहीं है। सेना के सख्त अनुशासन के दरम्यान कई बार ऐसी खबरें आती रहती हैं, जहां नीचे के ओहदे के सैनिक द्वारा अपने अधिकारी की हत्या तक कर दी गई। तय रूप से काम का दबाव, उच्च दर्ज़े की तामील, पाबंदियां और तय वक्त पर जिम्मेदारियों का निर्वहन अधिकारियों के जेहन पर खासा दबाव बनाते हैं।

# सनातन, आस्था व विकास को समर्पित योगी सरकार का बजट

उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने वर्ष 2025-26 के लिए सनातन को समर्पित करते हुए सामाजिक सरोकारों वाला व्यापक बजट प्रस्तुत किया है जिसमें समाज के प्रत्येक वर्ग तथा जीवन के हर क्षेत्र का ध्यान रखा गया है। सर्वसमावेशी होने के कारण छात्र, किसान, व्यापारी, महिलाएं, विषय विशेषज्ञ और उद्योगपति सभी इस बजट की सराहना कर रहे हैं। बजट में धर्मस्थलों के विकास व पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्याप्त धन दिया गया है। प्रदेश सरकार के बजट में हर उस क्षेत्र तक पहुंच बनाने का प्रयास किया गया है जो आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। बजट में अयोध्या, मथुरा, नैमिषारण्य और चित्रकूट जैसे धार्मिक स्थलों पर विशेष ध्यान दिया गया है।

प्रदेश के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बजट भाषण का प्रारम्भ महाकुंभ के आयोजन से किया और फिर धर्मस्थलों के विकास के लिए अपना खजाना खोल दिया। श्री काशी विश्वनाथ धाम कॉरिडोर व मां विन्ध्यवासिनी कॉरिडोर की स्थापना के बाद सरकार मथुरा में श्री बांकेबिहारी जी महाराज मंदिर, मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर का निर्माण करायेगी। इसके लिए भूमि उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए 100 करोड़ और निर्माण के लिए 50 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। नैमिषारण्य में वेद विज्ञान केंद्र की स्थपना के लिए 100 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए पहले ही 25 करोड़ बजट के साथ पांच एकड़ भूमि आवंटित की जा चुकी है। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के केंद्र में वैदिक पर्यावरण, वैदिक गणित, वैदिक विधिशास्त्र, वैदिक योग विज्ञान, वैदिक वन औषधियां वनस्पति आदि पाठ्यक्रम होंगे। यहां पर बड़े वैदिक पुस्तकालय का भी निर्माण कराया जाएगा, साथ ही वेदशाला,वैदिक संग्रहालय, तारा मंडल, संगोष्ठी कक्ष बनाये जाएंगे। केंद्र में गुरुकुल व आधुनिक पद्धति के अंतर्गत कक्षाएं बनायी जायेंगी।

मुख्यमंत्री पर्यटन स्थल विकास योजना के तहत 400 करोड़ रु. खर्च किये जायेंगे। अयोध्या में पर्यटन अवस्थापना विकास के लिए 150 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। इसी तरह मथुरा में 125 करोड़ नैमिषारण्य मे 100 करोड़ चित्रकूट में 50 करोड़ खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मिर्जापुर में मां विन्ध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ व जनसुविधा स्थलों का विकास किया जायेगा। संरक्षित मंदिरो के जीर्णोद्वार के लिए 30 करोड़, महाभारत सर्किट के पर्यटन विकास के लिए 10 करोड़, जैन सर्किट के विकास के लिए भी धन उपलब्ध कराया गया है। विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी धन का प्रावधान किया गया है। गुरुस्वामी हरिदास की स्मृति में अंतरराष्ट्रीय संगीत समारोह के लिए एक करोड़ और अयोध्या में जिला स्वतंत्रता संग्राम संग्रहालय के लिए भी एक करोड़ की धनराशि रखी गई है। योगी सरकार ने वर्तमान बजट से धार्मिक पर्यटन के माध्यम से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की लौ प्रदीप्त की है।

बजट में महापुरुषों पर भी ध्यान दिया गया है जिसके अंतर्गत बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर लखनऊ में स्मारक और सांस्कृतिक केंद्र की स्थापना की जाएगी। इसके साथ ही हर जिले में 100 एकड़ में पीपीपी मॉडल पर सरदार पटेल जनपदीय आर्थिक क्षेत्र स्थापित किया जायेगा। संत कबीर के नाम पर 10 वस्त्रोद्योग पार्क तथा संत रविदास के नाम पर दो चर्मोद्योग स्थापित किये जाएंगे। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष में उनके सम्मान में नगरीय क्षेत्रों में पुस्तकालय की स्थापना की जाएगी। लखनऊ स्थित अटारी कृषि प्रक्षेत्र पर 251 करोड़ रु. की लागत से पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चरण सिंह के नाम पर सीड पार्क की स्थापना होगी। प्रत्येक कृषि मंडी में माता शबरी के नाम पर कैंटीन और विश्रामालाय स्थापित किये जायेंगे।बजट में युवाओं और छात्राओं को आकर्षित करने के लिए भी प्रावधान किये गये हैं। अब प्रदेश की हर मेधावी छात्रा को स्कूटी दी जायेगी छात्राओं के लिए 400 करोड़ रु. रानी लक्ष्मीबाई स्कूटी योजना का ऐलान किया गया है। यही नही माता अहिल्याबाई होल्कर के नाम पर श्रमजीवी महिलाओं के लिए छात्रावास भी बनेंगे।

प्रदेश के बजट में युवा उद्यमी अभियान के लिए भी 1000 करोड़ रु. का प्रावधान किया गया है। संपूर्ण उत्तर प्रदेश के व्यापक विकास का विस्तृत खाका बजट में रखा गया है। बजट के अनुसार अवध में केवल अयोध्या का ही विकास नहीं हो रहा अपितु अवध के हर जिले के विकास की अद्भुत पटकथा लिखी जायेगी। बजट के प्रावधान इस प्रकार से बनाये गये हैं कि एक प्रकार से यह आगामी 25 वर्षों के विकास का रोडमैप प्रस्तुत कर रहा है।

उत्तर प्रदेश में चार नए एक्सप्रेस वे के निर्माण से तीन तीर्थस्थलों काशी, प्रयागराज व हरिद्वार की यात्रा सरल हो जायेगी। चार नए एक्सप्रेस वे के लिए बजट में 1,050 करोड़ रु. की व्यवस्था कर दी गई है। गंगा एक्सप्रेस वे को प्रयागराज, मिर्जापुर, वाराणसी, चंदौली होते हुए सोनभद्र से जोड़ने के लिए विन्ध्य लिंक एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जायेगा। इससे इस क्षेत्र के विकास की गति दोगुनी हो जायेगी व धार्मिक पर्यटन और बढ़ेगा।

## भगवान शंकर के श्रृंगार में मानों पूरी सृष्टि का योगदान था

भगवान शंकर के सुंदर श्रृंगार में मानों संपूर्ण सृष्टि का ही योगदान हो रहा था। उनके पावन दिव्य तन पर भस्म का लेपन भी हो चुका था। गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं, कि भगवान शंकर के अब तक ऐसे भिन्न-भिन्न श्रृंगार हो चुके थे- अर्थात शिवजी के सुंदर मस्तक पर चनद्रमा, सिर पर गंगाजी, तीन नेत्र, साँपों का जनेऊ, गले में विष और छाती पर नरमुण्डों की माला थी। इस प्रकार उनका वेष अशुभ होने पर भी वे कल्याण के धाम और कृपालु हैं। भगवान शंकर के मस्तक पर चन्द्रमा को सुशोभित कर दिया गया। किसी ने पूछा, कि हे भोलेनाथ! आपने उस चन्द्रमा को सीस पर स्थान क्यों दिया, जो कि मन की भाँति चँचल है। गौतम नारि अहल्या का जिसने शील भँग करने का कुप्रयास किया हो, क्या उसे सीस पर सजाना उचित है? भगवान शंकर प्रश्नकर्ता की यह जिज्ञासा सुन मुस्करा पड़े। तब उन्होंने बताया कि समुंद्र मंथन के पश्चात, अमृत कलश को लेकर, जब असुर और देवताओं में संघर्ष हो रहा था, तो राहु चन्द्रमा का वध करने के लिए उसके पीछे लगा था। नि:संदेह चन्द्रमा से पाप तो हुआ था, किंतु उसके पश्चात उसने गहन पश्चाताप भी किया था। चन्द्रमा को जब राहु से कहीं चैन न मिला, तो रक्षार्थ वह अन्तत: मेरी ही शरण में आया था। हे जिज्ञासु! सदैव याद रखना, कि नाला कीचड़ में कितना भी मलिन क्यों न हो, अगर वह गंगाजी में स्वयं को नयौछावर कर देता है, तो उसकी संपूर्ण मलिनता धुल जाती है। वह गंदा नाला साक्षात गंगा जी का ही रुप हो जाता है। ठीक इसी प्रकार से अगर कोई पापवृति धारक, कैसे भी हमारी शरण में आता है, और अपने पापों से मुक्तिभाव रखते हुए, हमारी शरणागत होता है। तो हम उसे अत्यंत प्रेम भाव से अपनाते हैं। भले ही वह हमारे चरणों में ही क्यों न अर्पित हुआ हो, किंतु हम उसे उठाकर अपने सिर पर बिठा लेते हैं। कहने का तात्पर्य आप चन्द्रमा की भाँति शीतल भाव तो अपनाओ, औरों को रात्रि होने के पश्चात भी मार्ग दिखाने का पुनीत कार्य करके तो दिखायो, फिर देखिए,

## त्योहार-संस्कृति एवं जीवन-संस्कारों को धुंधलाने का दौर

भारतीय संस्कृति इसलिये अनूठी एवं विलक्षण है क्योंकि यह मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की अनुकरणीय और लीलाधर श्रीकृष्ण की अनुसरणीय शिक्षाओं की साक्षी है। हमारी संस्कृति ने न केवल भारत को, बल्कि सभी को अपना परिवार माना है।

पाश्चात्य अंधानुकरण के कारण हमने न केवल भारतीय त्यौहारों के रंगों को धुंधला दिया है, बल्कि वैलेंटाइन डे जैसे पर्वों को महिमामंडित कर दिया है। भारत के प्रत्येक भू-भाग के अपने त्यौहार हैं, कुछ समान हैं तो कुछ उस भू-भाग की विशिष्टता लिए। परंतु इन्हें भी विकृत करने का व्यापक प्रयास हो रहा है। हमने अपने त्यौहारों को विकृत करने में कोई कमी नहीं रखी है, यही कारण है कि कुछ त्यौहार मद्यपान से जुड़ गए हैं, तो कुछ जुए से, कुछ कीचड़ से सन जाते हैं, तो कुछ लेन-देन के अवसर बन गए हैं। कुछ के साथ अश्लीलता एवं फुहड़ता जुड़ गयी है। इतना ही नहीं हमारी त्यौहारों की समृद्ध परंपरा को धुंधलाने के भी सुनियोजित प्रयास हो रहे हैं। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और बड़े व्यावसायिक संस्थान अपने लाभ के लिए देश में ऐसे उत्सवों/पर्वों को स्थापित कर रहे हैं, जिनका हमारी संस्कृति से मेल नहीं है। फेमिली डे, मदर डे, फादर डे, वैलेंटाइन डे-ऐसे आधुनिक पर्व हैं, जिन्हें बड़ी कंपनियाँ एवं इलेक्ट्रोनिक मीडिया महिमामंडित कर रहे हैं। अपने आपको आधुनिक कहने वाले परिवारों एवं लोगों के लिए दीपावली, होली, रक्षाबंधन जैसे पारंपरिक पर्वों की तुलना में ये आधुनिक पर्व ज्यादा महत्त्वपूर्ण एवं प्रासंगिक हैं। आखिर क्यों? हम अपने ही देश एवं अपनी संस्कृति के बीच बेगाने क्यों बने हुए हैं? अपने त्यौहारों की समृद्ध परम्परा को क्यों कमजोर कर रहे हैं? भारतीय संस्कृति इसलिये अनूठी एवं विलक्षण है क्योंकि यह मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम की अनुकरणीय और लीलाधर श्रीकृष्ण की अनुसरणीय शिक्षाओं की साक्षी है। हमारी संस्कृति ने न केवल भारत को, बल्कि सभी को अपना परिवार माना है। तभी यहां आज भी 'वसुधैव कुटुंबकम' का मूल मंत्र दोहराया जाता है। पाश्चात्य देशों की बात करें, तो उसने दुनिया को केवल बाजार माना है। हमारी सनातन संस्कृति में रचे-बसे लोग इतने उदार हैं कि हमने सदैव अन्य देशों की संस्कृतियों का दोनों बाहें फैलाकर स्वागत किया है। पर्व, व्रत, त्योहार एवं उत्सव सामाजिक सरोकार के अद्भुत संगम एवं समन्वय के मूर्त रूप हैं। यदि हम असामाजिक, संवेदनशून्य, उपभेक्तावादी एवं पाश्चात्य संस्कृति के अंधानुकरण करने की दिशा में अग्रसर रहेंगे तो हमारी यह मूल्यवान संस्कृति जड़ बनकर पतनोन्मुख हो सकती है। हजारों-हजारों साल से जिस प्रकृति ने भारतीय मन को आकार दिया था, उसे रचा था, भारतीयता की एक अलग छवि का निर्माण हुआ, यहां के इंसानों की इंसानियत ने दुनिया को आकर्षित किया, संस्कृति एवं संस्कारों, जीवन-मूल्यों की एक नई पहचान बनी। ऐसा क्या हुआ कि आजादी के बाद उसके साथ कुछ गलत हुआ है, और वह गलत दिनोंदिन गहराता गया है जिससे सारा माहौल ही प्रदूषित हो गया है, जीवन के सारे रंग ही फिके पड़ गये हैं, हम अपने ही भीतर की हरियाली से वंचित हो गए लोग हैं।

## मासिक शिवरात्रि पर शिव रामाष्टक स्त्रोत का पाठ करने से पूरी होगी मनोकामना, दुख-कष्ट से मिलेगी मुक्ति

हिंदू धर्म में मासिक शिवपात्रि का व्रत बेहद सौभाग्यशाली माना गया है। हिंदू पंचांग के मुताबिक कृष्ण पक्ष की चतुर्थी तिथि के दिन मासिक शिवरात्रि का व्रत पड़ता है। भगवान शिव और मां पार्वती की पूजा विधि-विधान से की जाती है। बताया जाता है कि अगर आप किसी कार्य को सिद्ध करना चाहते हैं, तो मासिक शिवरात्रि के दिन व्रत रखने से सुख-समृद्धि की प्राप्ति हो सकती है।इस दिन व्यक्ति के भाग्योदय हो सकता है। इस दिन शिव रामाष्टक स्त्रोत का पाठ करने का विशेष महत्व है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि शिव रामाष्टक स्त्रोत का पाठ करने से क्या लाभ होता है।

शिव रामाष्टक स्तोत्र का पाठ

शिव हरे शिव राम सखे प्रभो त्रिविधतापनिवारण हे विभो ।
अज जनेश्वर यादव पाहि मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।1।।
कमललोचन राम दयानिधे हरगुरो गजरक्षक गोपते ।
शिवतनो भव शंकर पाहि मां शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।2।।
सुजनरञ्जन मंगलमन्दिरं भजति ते पुरुष- परमं पदम् ।
भवति तस्य सुखं परमद्भुतं शिव हरे विजयं कुरु मे वरम् ।।3।।

## झूठी शादी की शपथ की आड़ में दुष्कर्म

प्रियंका सौरभ

राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की नई रिपोर्ट में कहा गया है कि हर साल झूठी शादी की शपथ की आड़ में कई हजार बलात्कार के मामले दर्ज किए जाते हैं।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा अतुल गौतम मामले में 2025 में दिए गए फैसले से यह सवाल उठता है कि न्यायिक व्याख्याएं महिलाओं की स्वायत्तता और कानूनी सुरक्षा को कैसे प्रभावित करती हैं? बलात्कार और सेक्स के लिए सहमति देना स्पष्ट रूप से अलग-अलग है। इन स्थितियों में, न्यायालय को सावधानीपूर्वक विचार करना चाहिए कि क्या शिकायतकर्ता की पीड़िता से शादी करने की वास्तविक इच्छा थी या उसके कोई छिपे हुए उद्देश्य थे और उसने केवल अपनी वासना को शांत करने के लिए इस आशय का झूठा वादा किया था, क्योंकि बाद वाले को धोखा या छल माना जाता है। इसके अतिरिक्त, झूठा वादा न निभाने और उसे तोड़ देने में अंतर है।

अभियुक्त द्वारा अभियोक्ता को यौन गतिविधि में शामिल होने के लिए लुभाने के इरादे के बिना किया गया वादा बलात्कार के रूप में मान्य नहीं होगा। अभियोक्ता अभियुक्त द्वारा बनाए गए झूठे प्रभाव के बजाय उसके प्रति अपने प्यार और जुनून के आधार पर अभियुक्त के साथ यौन संबंधों के लिए सहमति दे सकती है। वैकल्पिक रूप से, अप्रत्याशित या अनियंत्रित परिस्थितियों के कारण ऐसा करने का इरादा होने के बावजूद अभियुक्त उससे शादी करने में असमर्थ हो सकता है। इन स्थितियों को अलग तरीके से संभालने की जरूरत है। बलात्कार का मामला तभी स्पष्ट होता है जब शिकायतकर्ता का कोई दुर्भावनापूर्ण इरादा या गुप्त उद्देश्य हो। अतुल गौतम बनाम इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करता है। यह फैसला अपर्णा भट बनाम के विपरीत है।

2021 के मध्य प्रदेश राज्य के फैसले में आरोपी और पीड़ित को द्वितीयक आघात से बचने के लिए जमानत पर रहते हुए संवाद करने से मना किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि निष्पक्ष सुनवाई की गारंटी के लिए, जमानत की आवश्यकताओं को आरोपी और उत्तरजीवी के बीच संचार के लिए बाध्य नहीं करना चाहिए। यह विचार कि विवाह बलात्कार के लिए एक उपाय है न कि अपराध के लिए सजा, ऐसी जमानत आवश्यकताओं द्वारा पुष्ट होता है, जो सामाजिक समझौते को कानून के शासन से आगे रखता है। रामा शंकर बनाम उत्तर प्रदेश राज्य (2022) में जमानत देते समय इसी तरह के शब्दों का इस्तेमाल किया गया था, ००

## महाशिवरात्रि व्रत करने से विवाह में आ रही बाधा से मिलता छुटकारा

देश भर में महाशिवरात्रि को एक महोत्सव के रुप में मनाया जाता है क्योंकि इस दिन देवों के देव महादेव का विवाह हुआ था। हमारे धर्म शास्त्रों में ऐसा कहा गया है कि महाशिवरात्रि का व्रत करने वाले साधक को मोक्ष की प्राप्ति होती है। यह जगत में रहते हुए मनुष्य का कल्याण करने वाला व्रत है। पौराणिक कथा के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था। इसलिए हर वर्ष फाल्गुन माह की चतुर्दशी तिथि को महाशिवरात्रि के रूप में मनाया जाता है। इस खास अवसर पर देशभर में शिव मंदिरों में महादेव की पूजा विशेष पूजा-अर्चना होती है। साथ ही महाभिषेक किया जाता है। इसके अलावा शिव भक्त महादेव की बारात निकालते हैं। धार्मिक मान्यता है कि महाशिवरात्रि पर शिव जी की उपासना और व्रत करने से विवाह में आ रही बाधा से भी छुटकारा मिलता है और जल्द विवाह के योग बनते हैं। इस साल 26 फरवरी बुधवार को महाशिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। हमारे प्राचीन धर्म ग्रन्थों के अनुसार महाशिवरात्रि मनाने के तीन मुख्य कारण बताए गए हैं।

## संबंधों को सही दिशा और आकार देने की पहल की मोदी-ट्रंप

अवधेश कुमार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका यात्रा पर संपूर्ण विश्व की दृष्टि थी। दूसरे कार्यकाल में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस्रइली प्रधानमंत्री, जापानी प्रधानमंत्री और जॉर्डन के राजा के बाद प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित किया था।

मोदी ऐसे चौथे वैश्विक नेता है जिनकी ट्रंप और उनके प्रशासन के साथ विस्तृत बातचीत हुई, समझौते हुए तथा इससे भविष्य के संबंधों का संकेत मिला। टैरिफ यानी सीमा शुल्क को लेकर ट्रंप का रवैया पहले जैसा ही कठोर है।

उन्होंने घोषणा किया हुआ है कि रेसिप्रोकल टैरिफ यानी जो देश उनकी सामग्रियों पर जितना शुल्क लगाता है उतना ही लगाएंगे। उन्होंने अमेरिका के पुराने मित्र और साझेदारों जापान तथा यूरोपीय संघ को भी नहीं बक्शा है। वह केवल भारत को अलग से रियायत देंगे यह मानकर नहीं चलना चाहिए। भारत का नाम लेते हुए उन्होंने कहा था कि वहां शुल्क इतना ज्यादा है कि व्यापार करना कठिन है। संयुक्त पत्रकार वार्ता में भी उन्होंने कहा कि हम 45 अरब डॉलर के भारत से व्यापार घाटे को कम करने की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा, हाल ही में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत के अनुचित और बहुत कड़े टैरिफ को घटाने की घोषणा की है, जो भारतीय बाजार में अमेरिकी पहुंच को कम करते हैं। और मैं कहना चाहूंगा कि यह बहुत बड़ी समस्या है। ट्रंप पहले कार्यक्रम में भी इस पर कठोर रहे हैं लेकिन भारत के विरु द्ध शुल्क वाली दंडात्मक कार्रवाई नहीं की।

भारत को द्विपक्षीय व्यापार में सर्वाधिक लाभ अमेरिका के साथ है और वे शुल्क बढ़ाते हैं तो भारतीय सामग्रियों के लिए अमेरिकी बाजार में स्थान बनाना कठिन होगा। हमारा निर्यात घट सकता है और यह अर्थव्यवस्था की दृष्टि से चिंताजनक होगा। किंतु अब केवल अमेरिका नहीं संपूर्ण विश्व को उसके साथ संबंधों के पुनर्संयोजन की आवश्यकता उत्पन्न हो गई है। सत्ता संभालने के साथ ही ट्रंप लगातार आक्रामक होकर अपनी दृष्टि से अमेरिकी हित के संदर्भ में कदम उठा रहे हैं और उनसे अन्य देशों को परेशानी हुई है। हम यह मानकर नहीं चलें कि प्रधानमंत्री मोदी के दौरे से भारत और विश्व की दृष्टि से सकारात्मक उपलब्धियां नहीं हुई है। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में जिस तरीके से मोदी का स्वागत किया वैसा पूर्व के तीन नेताओं का नहीं हुआ। ट्रंप ने कहा भी कि मुझे आपकी कमी यहां महसूस हो रही थी। जहां तक प्रतिक्रियात्मक शुक्ल का प्रश्न है तो ऐसा लगता नहीं कि अमेरिकी प्रशासन ने अभी तक उसका सही आकलन और रूपरेखा निर्धारित किया है। माना जा सकता है कि हमारे पास अपने हितों को सुरक्षित रखने का रास्ता खत्म नहीं हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने संयुक्त प्रेस वार्ता मुक्त व्यापार समझौते पर जल्दी पहुंचने की बात की और इसी वर्ष पूरा होने का संकेत दिया। वर्तमान में भारत और अमेरिका के बीच व्यापार 129.2 अरब डॉलर है, 2030 तक इसे 500 अरब डॉलर तक ले जाने का संकल्प मोदी ने व्यक्त किया। ट्रंप ने भारत का नंबर एक तेल और गैस आपूर्तिकर्ता देश बनने पर मोदी के साथ बातचीत की चर्चा की। इस तरह भारत ने रास्ता निकाला है।

संभवत- उन्हें बताया है कि आप शुल्क लगाकर अपना नुकसान पहुंचाएंगे क्योंकि हम बड़े खरीदार हैं। जैसा प्रधानमंत्री मोदी ने कहा भी कि साझा उत्पादन, तकनीक आदि के मामले में हम रक्षा साझेदार हैं और सबसे बड़ी बात कि गैस और तेल हम आपसे खरीदेंगे। इसमें समस्या भी नहीं है। कहीं से हमको लेना है तो सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार और लाभ वाले ऐसे देश से, जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक समस्याओं से निपटने में सहयोग कर सकता है उससे खरीदने मे समस्या नहीं है। हमारी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित होगी तथा हाइड्रोकार्बन खरीद में विविधता बढ़ेगा, कुछ देशों पर निर्भरता में कमी आएगी। र्आिटफिशियल इंटेलिजेंस जैसे नये उभर रहे क्षेत्र में सहयोग द्विपक्षीय एवं वैश्विक व्यवस्था की दृष्टि से हमारे लिए लाभकारी है। एक महत्त्वपूर्ण बात भारत मध्य पूर्व यूरोपीय आर्थिक गलियारा पर अमेरिका की हरी झंडी है। यह हमारे लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। इससे ईरान स्थित चाबाहार बंदरगाह सुरक्षित हो सकता है। अमेरिका ने ईरान पर प्रतिबंध लगाया हुआ है, लेकिन चाबहार उन्होंने विदेश मंत्री मार्क रुबियो पर छोड़ दिया है। यह मार्ग चीन के बेल्ट एंड रोड इनीशिएटिव का प्रत्युत्तर है। इससे हमारे दूरगामी व्यापारिक एवं सामरिक हित सधने वाले हैं। बोस्टन ओर लॉस एंजेलिस में दो नये दूतावास खोलने की घोषणा महत्त्वपूर्ण है। इससे पता चलता है कि अमेरिका में भारत की राजनयिक, आर्थिक और दोनों देशों के नागरिकों के बीच अंतर्संवाद का काफी विस्तार हुआ है। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रमुख अधिकारियों और नेताओं से भी मुलाकात की जिनमें अमेरिकी खुफिया सेवाओं की निदेशक तुलसी गबार्ड, अमेरिकी सुरक्षा सलाहकार माइकल वाल्ट्ज एवं डिपार्टमेंट आफ गवर्नमेंट एफिशिएंसी के प्रमुख एलन मस्क शामिल हैं। इन सबका असर सुरक्षा एवं अन्य मामलों में आने वाले समय में धीरे-धीरे दिखाई देगा। रूस-यूक्रेन के बीच तनाव घटाने पर ट्रंप सक्रिय हैं और इसमें हमारा भी हित है क्योंकि रूस पर लगे प्रतिबंधों से समस्याएं बढ़ी हुई हैं। हिन्द-प्रशांत में हिन्द महासागर पहल की घोषणा महत्त्वपूर्ण है। ट्रंप स्वतंत्र एवं मुक्त हिन्द प्रशासन क्षेत्र की बात करते हुए कहते रहे हैं कि भारत क्षेत्र की महाशक्तिहै और भारत की साझेदारी को हमेशा महत्त्व दिया है। भारत की सुरक्षा की दृष्टि से इस यात्रा की दो महत्त्वपूर्ण उपलब्धियां है। संयुक्त वक्तव्य में सीमा पार आतंकवाद को लेकर पाकिस्तान का स्पष्ट नाम लिया गया है तथा 2008 के मुंबई हमले के अपराधियों को सजा देने की भी मांग है। प्रधानमंत्री की यात्रा की पूरी तैयारी कर कर जाते हैं और इसमें उनकी भाषा और शब्दचयन भी शामिल है। उन्होंने संयुक्त पत्रकार वार्ता में ट्रंप की %मेक अमेरिका ग्रेट अगेन' यानी %मागा' की चर्चा करते हुए कहा कि मैं इस नाते उनका प्रशंसक हूं। उसी तरह भारत को 2047 तक विकसित बनाने के लिए मैं भी %मेक इंडिया ग्रेट अगेन' पर काम कर रहा हूं। इस यात्रा के बाद आर्थिक ,सामरिक एवं रणनीतिक संबंध व साझेदारी पर बनी व्यापक सहमति से पता चलता है कि भविष्य की दृष्टि से दोनों नेताओं ने संबंधों को सही दिशा और आकार देने की पहल की है और इसके अच्छे परिणाम आएंगे।

## -:: आज का राशिफल ::-



मेष राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहेगा। किसी बात को लेकर भाई-बहन से विचार-विमर्श करेंगे। आज किसी से भी बेवजह उलझनों से आपको बचना चाहिए।

वृष राशि: आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। कई दिनों से रुका हुआ काम आज पूरा हो जाएगा। माता के साथ धार्मिक कार्यों में मन लगाने से शांति मिलेगी। शाम का समय परिवार वालों के साथ अच्छा बीतेगा।

मिथुन राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। घरवालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाना आपके लिए अच्छा रहेगा। कोर्ट-कचहरी के मामले में आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से ही सलाह लेनी चाहिए।

कर्क राशि: आज का दिन आपके लिए नई खुशियां लाया है। राजनीति से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है समाज हित में किए गये कामों की तारीफ होगी। आज आपको उच्चाधिकारी के सामने बात रखने पर पॉजीटिव रिस्पॉन्स मिलेगा।

सिंह राशि: आज आपका दिन ठीक रहेगा। किसी भी काम को करते समय अपना मन शांत रखना चाहिए, इससे आपका काम आसानी से पूरा होगा। पैसों से जुड़े बड़े फैसले आपको सोच-समझकर ही लेने चाहिए।

कन्या राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। इस राशि के स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन सफलता दिलाने वाला रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा से संबंधित शुभ समाचार मिलेगा। आर्थिक क्षेत्र में स्थिरता बनी रहेगी।

तुला राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज बिजनेस में आपको उम्मीद से अधिक फायदा होगा। घर के किसी काम को पूरा करने में बड़े-बुजुर्ग की राय आपके लिए कारगर साबित होगी।

वृश्चिक राशि: आज का दिन उत्तम रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप नया हुनर सीखेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी।

धनु राशि: आज आप दिन की शुरुआत अच्छे मूड से करेंगे। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए खास होने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे तो बिना गड़बड़ के काम समय से पूरा हो जाएगा। आज आपको दूसरों का मूड समझने में बहुत हद तक सफलता मिलेगी।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज पारिवारिक माहौल अच्छा बना रहेगा। आज धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे तो आपको सफलता जरूर मिलेगी।



दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी नेता आतिशी ने मंगलवार को कैग की रिपोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी के खजाने को 2002 करोड़ से अधिक के नुकसान का दावा करने के बाद रद्द की गई नई शराब नीति का बचाव करते हुए कहा कि ऑडिट दस्तावेज़ ने पुरानी शराब नीति के तहत भ्रष्टाचार को उजागर किया है। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली के लोगों को नुकसान हुआ क्योंकि पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से शराब लाई जा रही थी।

# अखिलेश यादव का भाजपा पर हमला, महाकुंभ में अव्यवस्थाओं और भ्रष्टाचार को लेकर साधा निशाना

लखनऊ (आरएनएस )। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने महाकुंभ में अव्यवस्थाओं को लेकर भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महाकुंभ के आयोजन में बुरी तरह फेल हो गई है। यातायात व्यवस्था, सफाई और पानी की गुणवत्ता में सरकार पूरी तरह विफल साबित हुई है। संगम के जल की शुद्धता को लेकर केंद्र और राज्य के प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड आपस में उलझे हुए हैं, लेकिन सरकार इस समस्या का कोई समाधान निकालने में असमर्थ रही।कानपुर में मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार अब डबल ब्लंडर सरकार बन चुकी है। महाकुंभ में व्यवस्था के नाम पर केवल भ्रष्टाचार किया गया। गंगा की सफाई के नाम पर बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन हकीकत यह है कि पूरा बजट साफ कर दिया गया, जबकि गंगा का पानी आज भी गंदा ही है। सरकार ने सड़कें दुरुस्त करने के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए, लेकिन हकीकत यह है कि वे सड़कें पहले से भी बदतर हालत में हैं।महाकुंभ में भगदड़ के दौरान कई श्रद्धालुओं की मौत हुई, लेकिन सरकार ने न तो उनकी सही संख्या बताई और न ही उनके परिजनों की कोई मदद की। यात्रा के दौरान हुई दुर्घटनाओं में कई श्रद्धालुओं की जान चली गई, लेकिन भाजपा सरकार ने उन परिवारों को कोई राहत नहीं दी। सरकार के पास श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए कोई ठोस योजना नहीं थी, जिससे महाकुंभ में अराजकता की स्थिति बनी रही।अखिलेश यादव ने भाजपा पर धार्मिक भेदभाव करने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जब वे कन्नौज के एक मंदिर में दर्शन करने गए थे, तो उनके जाने के बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने वहां गंगा जल से धुलाई करवाई थी। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अब जब उन्होंने महाकुंभ में गंगा स्नान कर लिया है, तो भाजपा बताए कि गंगा जी को वे किससे और कैसे शुद्ध करेंगे?भाजपा सरकार की आर्थिक और सामाजिक नीतियों पर हमला बोलते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा लगातार पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की उपेक्षा कर रही है। पिछले नौ बजटों में पीडीए समुदाय को सरकार ने कोई महत्व नहीं दिया। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से इन वर्गों को सम्मान और अधिकार दिए थे, लेकिन भाजपा सरकार धीरे-धीरे आरक्षण व्यवस्था को खत्म कर रही है। विश्वविद्यालयों और शिक्षण संस्थानों में पीडीए समुदाय के लिए कोई उच्च पद सुरक्षित नहीं किया गया है, जिससे साफ जाहिर होता है कि भाजपा सरकार भेदभाव की नीति पर काम कर रही है।उन्होंने कहा कि जनता भाजपा सरकार की सच्चाई अब जान चुकी है। पीडीए के लोगों ने इस बार भाजपा को रिकॉर्ड वोटों से हराने का मन बना लिया है। 2027 के विधानसभा चुनावों में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ेगा और समाजवादी पार्टी की सरकार बनेगी।अखिलेश यादव ने कहा कि महाकुंभ श्रद्धालुओं की आस्था का पर्व है और यह आयोजन जनता का होता है, लेकिन भाजपा सरकार इसमें भी असफल रही। जब सरकार से सवाल पूछे जाने लगे तो मुख्यमंत्री ने विधानसभा में उर्दू भाषा को लेकर विवादित बयान दे दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह भी नहीं पता कि उर्दू भारत की ही भाषा है, जो यहीं पली-बढ़ी और विकसित हुई है। सदन में जब मुख्यमंत्री ने उर्दू के बारे में अनर्गल बातें कहीं, तो स्पीकर ने उन्हें रोकने के बजाय मुस्कुराकर समर्थन दिया। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी हत्या है।व्यापारियों और उद्योगों की हालत पर चिंता व्यक्त करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की गलत नीतियों के कारण कानपुर के व्यापार और उद्योग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। कानपुर एक समय औद्योगिक नगरी के रूप में जाना जाता था, लेकिन भाजपा के शासन में यहां के उद्योग-धंधे ठप हो गए हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम कैंसर चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान संस्थान के शिलान्यास समारोह में स्वामी रामभद्राचार्य से आशीर्वाद लिया।



केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली के पूसा परिसर में नई फसल किस्मों का निरीक्षण किया.

## लालू परिवार को बिहार को देने नहीं, लेने की आदत, इसलिए सभी को ऐसा ही समझते हैं : राधामोहन सिंह

पटना (आरएनएस)। पूर्व केंद्रीय मंत्री और मोतिहारी से भारतीय जनता पार्टी के सांसद राधामोहन सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रस्तावित भागलपुर की यात्रा को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री सोमवार को भागलपुर आ रहे हैं। यहां वे बिहार को कई सौगात देंगे। पटना में उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के क्रम में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपने दौरे के क्रम में जहां किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करेंगे, वहीं मोतिहारी में निर्मित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत विकसित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर इंडिजिनस ब्रीड्स का उद्घाटन करेंगे। यह केंद्र किसानों को आधुनिक प्रजनन तकनीकों का प्रशिक्षण देगा और भारतीय नस्लों के पशुओं के प्रजनन को बढ़ावा देगा। उन्होंने कहा कि हमारा सौभाग्य है कि हमारे संसदीय क्षेत्र में वह एक बड़ी योजना का उद्घाटन करेंगे और मैं वहां मौजूद रहूंगा। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार किसानों के लिए काम करती है। प्रधानमंत्री किसान कल्याण के लिए समर्पित हैं और उनके नेतृत्व में किसानों की भलाई के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की गई हैं। इधर, प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा को इस साल होने वाले चुनाव से जोड़े जाने वाले राजद नेता तेजस्वी यादव के बयान पर सांसद सिंह ने कहा कि लालू परिवार को बिहार को देने की आदत नहीं है, उन्हें सिर्फ लेने की आदत है। इस कारण उन्हें ऐसा लगता है। इसी क्रम में रविवार को होने वाले भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर उन्होंने कहा कि भारत जीतेगा। दरअसल, शनिवार को विधानसभा में विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने कहा था, हर दिन कोई न कोई आएगा। दिल्ली चुनाव खत्म हो गया है। हर कोई बिहार आ रहा है। इन लोगों को बिहार और यहां के लोगों से कुछ लेना-देना नहीं है। वे केवल सत्ता में बने रहने के लिए आ रहे हैं। उन्हें किसी और चीज से मतलब नहीं है। क्या वे बिहार को कारखाने देने आ रहे हैं? क्या वे बिहार में पलायन को रोकने आ रहे हैं? वे केवल अपने स्वार्थ के लिए आ रहे हैं।

### श्रीसैलम टनल में फंसे झारखंड के चार कामगार, सीएम बोले- हर पल ले रहे रेस्क्यू की जानकारी

रांची (आरएनएस)। तेलंगाना के श्रीसैलम में निर्माणाधीन टनल की छत का एक हिस्सा ढहने से फंसे आठ लोगों में चार झारखंड के गुमला जिले के रहने वाले हैं। शनिवार को इसकी जानकारी मिलने के बाद चारों मजदूरों के घरों में कोहराम मच गया है। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है।

झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश के बाद स्थानीय प्रशासन के अफसरों ने मजदूरों के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाया है कि मजदूरों को सुरक्षित निकालने के लिए चल रहे रेस्क्यू ऑपरेशन पर राज्य की सरकार की निगाह है। सुरंग में फंसे मजदूरों में गुमला सदर थाना क्षेत्र के तिर्रा गांव निवासी संतोष साहू, घाघरा थाना क्षेत्र के खंभिया कुंबा टोली निवासी अनुज साहू, रायडीह थाना क्षेत्र के कोबी टोली गांव निवासी जगता खेस और पालकोट थाना क्षेत्र के उम्दा नकटी टोली गांव निवासी संदीप साहू शामिल हैं। गुमला के श्रमिक निर्मल साहू, बॉबी साहू और जुआरी साहू उन लोगों में हैं, जो हादसे के ठीक पहले टनल से बाहर निकलने में सफल रहे। इन्हीं श्रमिकों ने सबसे पहले अपने साथियों के घर वालों को हादसे की सूचना दी।

## सेंटरफ्रूट ने कुंभ मेले के जीभ लपलपाने वाले स्ट्रीट फ़ूड का किया प्रदर्शन

महाकुंभ नगर ,(आरएनएस)। महाकुंभ मेला एक अनोखा अनुभव है, जहां रंग, ध्वनियां और स्वाद मिलकर यादगार पल बनाते हैं। मेले की एक खास बात है यहां मिलने वाला विविध और स्वादिष्ट भोजन है। चटपटी चाट से लेकर गरमा-गरम जलेबियों तक, कुंभ का स्ट्रीट फूड सिर्फ पेट भरने का साधन नहीं, बल्कि एक साझा आनंद भी है, यात्रा की थकान मिटाने का अवसर और महोत्सव के बीच स्वाद का एक खास पड़ाव है। इस साल, सेंटरफ्रूट ने महाकुंभ मेले के स्वाद के अनुभव को और भी मजेदार बना दिया है। मेले में आने वाले लोगों को सबसे बेहतरीन स्ट्रीट फूड स्टॉल तक पहुँचाने के लिए 200 से अधिक फूड स्टॉल्स पर आकर्षक बैनर लगाए गए, जिससे वे आसानी से टेस्टी फूड्स का आनंद ले सकें और हर फूड स्टॉप एक 'जीभ लपलपाई' पल बन जाए। इस खोज को और आसान बनाने के लिए, सेंटरफ्रूट के 'कैसी जीभ लपलपाई' बिलबोर्ड्स पूरे शहर और स्थानीय टैक्सियों में भी लगाए गए है, जो मेले के सबसे लोकप्रिय फूड हॉटस्पॉट तक सीधा मार्ग दिखा रहे थे। चाहे कोई चटपटा स्ट्रीट स्नैक हो या कोई प्रसिद्ध स्थानीय फूड्स, सेंटरफ्रूट ने फूडीज़ को महाकुंभ मेले में सबसे बेहतरीन टेस्ट तक पहुँचाने में अहम भूमिका निभाई !



केंद्रीय मंत्री और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने नारायण विहार के सनातन धर्म मंदिर पार्क में पीएम मोदी का मन की बात कार्यक्रम देखा।

## भारती एयरटेल और एप्पल की रणनीतिक साझेदारी- एयरटेल वाई-फाई और पोस्टपेड ग्राहकों को मिलेगा एप्पल टीवी+ और एप्पल म्यूजिक का एक्सक्लूसिव ऑफर

नई दिल्ली-भारती एयरटेल और एप्पल ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है, जिसके तहत एयरटेल ग्राहकों को एप्पल टीवी+ और एप्पल म्यूजिक की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। ?999 से शुरू होने वाले सभी होम वाई-फाई प्लान्स के ग्राहकों को एप्पल टीवी+ के बेहतरीन कॉन्टेन्ट का एक्सेस मिलेगा, जिसे वे चलते-फिरते भी मल्टीपल डिवाइसेस पर स्ट्रीम कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, ?999 या उससे अधिक के पोस्टपेड प्लान वाले ग्राहकों को एप्पल टीवी+ की सुविधा मिलेगी और वे 6 महीने तक फ्री एप्पल म्यूजिक का आनंद ले सकेंगे, जिसमें भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संगीत का विशाल संग्रह उपलब्ध होगा।

इस रणनीतिक साझेदारी के तहत एयरटेल ग्राहक अब विशेष रूप से एप्पल टीवी+ के प्रीमियम और आकर्षक ड्रामा, कॉमेडी सीरीज़, फीचर फिल्में, डॉक्यूमेंट्रीज़, बच्चों और परिवार के लिए मनोरंजक कॉन्टेन्ट का आनंद ले सकेंगे। इसके साथ ही, एप्पल म्यूजिक की अंग्रेजी, हिंदी और अन्य भाषाओं में मौजूद अद्वितीय म्यूजिक लाइब्रेरी, एक शानदार ऑडियो अनुभव प्रदान करेगी। सिद्धार्थ शर्मा - चीफ़ मार्केटिंग ऑफिसर और सीईओ - कनेक्टेड होम्स, भारती एयरटेल ने कहा, हम एप्पल के साथ इस बड़े बदलाव की शुरुआत करने वाली साझेदारी की घोषणा करते

## महाशिवरात्रि पर्व को लेकर काशी विश्वनाथ मंदिर सजकर तैयार

वाराणसी (आरएनएस) । महाशिवरात्रि पर्व को लेकर उत्तर प्रदेश के वाराणसी स्थित काशी विश्वनाथ मंदिर सजकर तैयार हो गया है। मंदिर प्रशासन द्वारा जगमगाती लाइटें लगाई गई हैं। वहीं, मंदिर परिसर में बाहर विभिन्न जगहों पर एलईडी भी लगाई गई है। जहां से काशी विश्वनाथ की आरती लाइव देख सकेंगे। मंदिर प्रशासन को अनुमान है कि महाशिवरात्रि के मौके पर काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु जुटेंगे। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। ज्ञात हो कि उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ में आस्था की डुबकी लगाने के लिए करोड़ों लोग पहुंच रहे हैं। यहां पर मां गंगा की आरती और पूजा-अर्चना करने के बाद भारी तादाद में श्रद्धालु काशी विश्वनाथ भी पहुंच रहे हैं।

वाराणसी कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने जानकारी साझा करते हुए कहा कि विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ मंदिर और पूरे काशी में महाशिवरात्रि की तैयारियां जोरों पर हैं। मंदिर प्रशासन और पुलिस समेत सभी संबंधित विभाग व्यवस्था और सुरक्षा पर काम कर रहे हैं। आगामी कुंभ मेले को देखते हुए इस वर्ष का उत्सव विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिसमें कई अखाड़े जुलूस में भाग लेंगे और शिवरात्रि पर मंदिर का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा कि शिव भक्तों की भारी संख्या को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में ट्रैफिक नियंत्रण, पुलिस की तैनाती और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रशासन इस बार के महाशिवरात्रि को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी जरूरी कदम उठा रहा है।

## JSW MG मोटर इंडिया ने हेक्टर के ग्राहकों के लिए पेश किया पावर पैक ऑफर

गुरुग्राम, JSW MG मोटर इंडिया ने आज हेक्टर खरीदने वाले संभावित ग्राहकों के लिए पावर पैक स्कीम की घोषणा की है। पावर पैक एक बेहद किफायती पेशकश है, जिसके तहत ग्राहकों को पांच आकर्षक लाभ पेश किए गए हैं। इन लाभों में पहला है फाइनेंसिंग पर आकर्षक 4.99त्न की ब्याज दर। इसके अलावा अतिरिक्त सुरक्षा के लिए एक्सटेंडेड वारंटी, वाहन को अपने मन मुताबिक स्वरूप देने के लिए कॉम्पलीमेंट्री एक्ससरीज़, झंझट रहित सफर के लिए रोड साइड असिस्टेंस के साथ ही रोड टैक्स में 50त्न की कमी शामिल है। इन सभी लाभों के साथ ग्राहक को हेक्टर खरीदने पर 2.40 लाख रुपये तक की बचत हो सकती है। इन लाभों के साथ स्ङ्क के शौकीनों के लिए हेक्टर और भी अधिक किफायती और आकर्षक विकल्प बन जाती है। ये सीमित समय के ऑफर 31 मार्च, 2025 तक वैध हैं। इन ऑफर के साथ हेक्टर स्ङ्क सेगमेंट में अपनी स्थिति और भी मजबूत बना रही है। यह ऑफर उन ग्राहकों के लिए बेहद खास है, जो सेडान या छोटे आकार की एसयूवी को छोड़कर भारत की पहली इंटरनेट कार और लोकप्रिय मिड-साइज़ एसयूवी एमजी हेक्टर में अपग्रेड करना चाहते हैं।




उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड़ ने छत्रपति संभाजीनगर में डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाड़ा विश्वविद्यालय में अपनी दिवंगत माताओं की याद में पौधे लगाए।



दिल्ली के उपमुख्यमंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने नई दिल्ली में भैरो मार्ग से सराय काले खां %रिंग रोड% के सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण किया.

## एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के दौरान विभिन्न स्थानों पर सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

मुंबई- एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट लिमिटेड ने पशु विकास दिवस के दौरान कई स्थानों पर एक साथ 'सबसे बड़े पशु विकास प्रशिक्षण' के लिए गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज करा लिया है। इस गतिविधि में देश भर के 6 आयोजन स्थलों पर 517 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कंपनी द्वारा आयोजित पशु विकास दिवस के सातवें संस्करण के तहत यह उपलब्धि हासिल की गई, जो देश का सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर था। इन शिविरों का आयोजन एक साथ 16 राज्यों के 500 स्थलों पर किया गया जिसमें लाभार्थियों की संख्या 1,90,000 रही (150,000 पशु एवं 40,000 पशु मालिक)। भारत में तकरीबन 65-70 फीसदी ग्रामीण आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि एवं कृषि से संबंधित गतिविधियों पर निर्भर करती है। ऐसे में पशु और मवेशी ग्रामीणों के लिए आजीविका और उनके आर्थिक कल्याण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने पशु विकास दिवस के 7वें संस्करण का आयोजन किया, जिसका विषय था 'मेरा पशु मेरा परिवार'। इस आयोजन के माध्यम से कंपनी ने ग्रामीण परिवारों के जीवन में पशुओं के महत्व पर रोशनी डाली। सालाना पशु विकास दिस के आयोजन में 6000 से अधिक कर्मचारियों ने हिस्सा लिया, जो ग्रामीण कल्याण के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री शांतनु मित्रा, चीफ़ एक्ज़िक्टिव ऑफिसर एवं प्रबन्ध निदेशक, एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट ने कहा, ''एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट में हम समाज कल्याण के प्रयासों द्वारा समाज पर सकारात्मक प्रभाव की उत्पत्ति के लिए प्रतिबद्ध हैं। देश भर में 1000 से अधिक शाखाओं के साथ हमारा ध्यान मुख्यतः टियर 2 नगरों पर केन्द्रित है जहाँ हमारी 90 फीसदी शाखाएं स्थित हैं। वास्तव में पिछले दो सालों में हमने तकरीबन 300 नई शाखाएं खोली हैं और ये सभी शाखाएं टियर-2 नगरों में ही खोली गई हैं।






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। थाना प्रभारी रांझी मानस द्विवेदी ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पंचायत भवन के सामने मैदान मड़ई में किशन केवट नाम का व्यक्ति सफेद शर्ट काला पेंट पहने तीन बोरी मे अधिक मात्रा मे शराब बेचने के लिये रखकर किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई जहां मुखबिर के बताये हुलिये का व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया जिसे घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर अपना नाम किशन केवट उम्र 20 वर्ष निवासी सरस्वती ज्ञान मंदिर स्कूल के पीछे बगीचा मड़ई बताया



# तोड़फोड़ कर नुकसान करने वाले आरोपीगण को 08-08 माह का कठोर कारावास व 1000-1000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। न्यायालय मनमोहन सिंह कौरव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जबलपुर के न्यायालय द्वारा आरोपीगण सरदार कुलवंत सिंह व सरदार अनमोल सिंह को थाना-बरेला के अपराध क्रं 492/21, धारा 427 भादवि में आरोपीगण को 08-08 माह का कठोर कारावास व 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।घटना इस प्रकार है कि थाना बरेला के कार्यवाहक प्रधान आरक्षक श्री सतीष द्विवेदी ने देहाती नालसी के आधार पर जांच की जिसमें फरियादी भगवानदास ने बताया कि 19.10.2021 को चंद्रप्रसाद लोधी निवासी जमतरा वाले से खसरा नंबर 265 रक्बा 0.750 हैक्टेयर जमीन 25 लाख रूपये में खरीदा था जिसकी वैधानिक रजिस्ट्री करवाई थी उसने तहसीलदार कार्यालय जबलपुर से खरीदी हुई जमीन का सीमांकन के लिए आवेदन किया था तब तहसील कार्यालय से उसे एवं कुलवंत सिंह सरदार को नोटिस मिला था कि दिनांक 15.07.2021 को जमीन का सीमांकन होना है दोनो पक्ष उपस्थित रहे किंतु कुलवंत सिंह जानबूझकर उपस्थित नहीं हुआ पटवारी, आर.आई उक्त जमीन का सीमांकन कर पंचनामा मौके पर बनाए थे सीमांकन के आधार पर उसने खंबे गाड़कर तार की फेंसिंग कराई थी दिनांक 28.08.2021 को कुलवंत सिंह और उसका लडका अनमोल सिंह दोनो उसकी तार की फेंसिंग व खंबे उखाड दिये और तोडफोड किए जिससे उसका करीब 40 हजार रूपये का नुकसान हुआ तब उसने तोडफोड करने से मना किया तो उसने मां बहन की गंदी-गंदी गाली गलियां व जान से मारने की धमकी देने लगा। फरियादी की रिपोर्ट पर आरोपीगण के विरूद्ध थाना बरेला के अपराध क्रमांक 492/2021 धारा 294, 427,506 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया गया।

उप-संचालक(अभियोजन) श्री विजय कुमार उईके व जिला लोक अभियोजन अधिकारी अजय कुमार जैन के मार्गदर्शन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी कल्पना मुवेल द्वारा उक्त मामले में सषक्त पैरवी की गई। श्रीमती कल्पना मुवेल सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के तर्को से सहमत होते हुये माननीय न्यायालय मनमोहन सिंह कौरव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जबलपुर के न्यायालय द्वारा आरोपीगण सरदार कुलवंत सिंह व सरदार अनमोल सिंह को थाना बरेला के अपराध क्रं 492/21 व न्यायालय के अंतर्गत धारा 427 भादवि में आरोपीगण को 08-08 माह का कठोर कारावास व 1000-1000 रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**लूट करने वाले आरोपी को न्यायालय द्वारा दंडित किया गया**

अपर सत्र न्यायाधीश जबलपुर के न्यायालय द्वारा थाना गोहलपुर के अपराध क्रं. 222/2022, में आरोपी बिक्की उर्फ विकास राजपूत को धारा 392 भादवि के अपराध में 5 वर्ष के कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड से एवं आरोपी श्रेया अवस्थी को धारा 414 भादवि के अंतर्गत 3 वर्ष के कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। 07/04/2022 को प्रार्थी द्वारा रिपोर्ट लेख करायी कि दिनांक 07/04/2022 को प्रार्थी त्रिमूर्ति नगर दर्शन करने गई थी। दर्शन करके वापस लौटने पर गायत्री मेडिकल स्टोर के पास सामने से एक काले रंग की स्कूटी से एक लडका स्कूटी चलाते हुये आया और प्रार्थी के गले से सोने का मंगलसूत्र लेकर भाग गया। प्रार्थी द्वारा मंगलसूत्र छीनने वाले लडके को देख लिया गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर प्रकरण विवेचना में लिया गया। गिरफतारशुदा आरोपी बिक्की उर्फ विकास राजपूत ने अपने मेमोरेण्डम कथन में घटना कारित करना स्वीकार किया। अभियोजन की ओर से सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी संगीता सिंह परिहार द्वारा उक्त मामले में सशक्त पैरवी की गई। संगीता सिंह परिहार सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी के तर्को से सहमत होते हुये न्यायालय द्वारा ओरोपी बिक्की उर्फ विकास राजपूत को धारा 392 भादवि के अपराध में 5 वर्ष के कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड से एवं आरोपी श्रेया अवस्थी को धारा 414 भादवि के अंतर्गत 3 वर्ष के कारावास एवं 1000 रूपये अर्थदंड से दंडित किया। अवैध रूप से हथियार रखने वाले आरोपी को 01 वर्श छः माह का सश्रम कारावास व 1000/- रूपये का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया न्यायालय मनमोहन सिंह कौरव न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी जबलपुर के न्यायालय द्वारा आरोपी विक्रम प्रताप को थाना अधारताल के अपराध क्रं.877/18 व न्यायालय के अंतर्गत धारा 25,27 आयुध अधिनियम में आरोपी को 01 वर्श छः माह का सश्रम कारावास व 1000/-रूपये अर्थदण्ड से दंडित किया।

## वीयू- में पत्रकार वार्ता का आयोजन

# नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह 28 फरवरी को



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय का सातवां दीक्षांत समारोह दिनांक 28 फरवरी 2025 को होने जा रहा है जिस हेतु एक पत्रकार वार्ता का आयोजन आज 25/2/25 को किया गया जिसे विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा जी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए जानकारी साझा की ,माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगू भाई पटेल जी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न होगा, जिसमें पशु पालन मंत्री श्री लखन पटेल विशिष्ट अतिथि होंगे । सप्तम दीक्षांत समारोह दीक्षांत भाषण डॉ बी एन त्रिपाठी माननीय कुलपति शेरे कश्मीर एग्रीकल्चर साइंस एंड टेक्नोलॉजी विश्वविद्यालय द्वारा दिया जाएगा। इस सातवें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 21- 22 ,22-23 तथा 23- 24 के कुल 1029 छात्राओं को उपाधि प्रदान किया जाना है। जिसमें बी वी एस सी के 678 ,एम बी एस सी के 229, पी एच डी 34, बी एफ सी के 76, एम एफ एस सी के 12 , 12 स्वर्ण पदक,3 पीएचडी योग्यता प्रमाण पत्र शामिल है।साथ ही आर वी सी में चयनित पूर्व छात्राओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

पत्रकार वार्ता में कुलपति प्रोफेसर मनदीप शर्मा कुल सचिव डॉक्टर एस एस तोमर, उपकुलसचिव डॉ रामकिंकर मिश्रा,सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ सोना दुबे, श्री बालक दास राजपूत तथा विभिन्न प्रिंट तथा डिजिटल मीडिया से पधारे पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

# एक राष्ट्र -एक विधान -एक पेंशन की मांग

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। मध्यप्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघ ने प्रधानमंत्री एवं मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री एवं सत्तारूढ़ राजनैतिक दल एक पेंशन /पे स्केल कि मंशानुरूप एक राष्ट्र;एक विधान के स्वप्न को साकार करते हुए एक राष्ट्र;एक पेंशन/पे-स्केल के परिपालन में संगठनों के किसी भी प्रस्तावित आंदोलन के मांग-पत्रों में प्रथम नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता निर्धारण,पुरानी पेंशन बहाली एवं समयबद्ध नियमित पदोन्नति/क्रमोन्नति इत्यादि मांगो के साथ-साथ मध्यप्रदेश में भी केंद्रीय पे-स्केल अर्थात वेतन-भत्ते केंद्र के समान दिए जाने की मांग पर भी हर हाल में शामिल होना ही चाहिए अर्थात ग्रेड-पे एवं सभी भत्ते केंद्र के समान सातवें वेतनमान के अनुसार अविलंब प्रदान किये जावें।

मध्यप्रदेश राज्य अधिकारी कर्मचारी संघ के दिलीप सिंह ठाकुर,भास्कर गुप्ता,विश्वनाथ सिंह,जी आर झारिया, ऋषि पाठक, दुर्गेश खातरकर, विष्णु झारिया, महेश प्रसाद मेहरा, भोजराज विश्वकर्मा, आदेश विश्वकर्मा, धर्मेंद्र परिहार, नितिन तिवारी, गंगाराम साहू, चंद्रभान साहू, भोगीराम चौकसे, अंजनी उपाध्याय, पवन सोयाम, मदन पांन्द्रो, सुरेंद्र परसते, अजब सिंह, सुल्तान सिंह, देवराज सिंह, इमरत सेन, लोचन सिंह, सतीश खरे, अजय श्रीपाल, कमलेश दुबे, राशिद अली,रामदयाल उइके, रामकिशोर इपाचे, पुष्पा रघुवंशी, रेनू बुनकर,अम्बिका हँतिमारे, प्रेमवती सोयाम, पूर्णिमा बेन, ब्रजवती आर्मो, सुमिता इंगले, भागीरथी परसते, कल्पना ठाकुर, शबनम खान, शायदा खान इत्यादि ने सरकार से उपरोक्त जायज मांगों के शीघ्र अति शीघ्र निराकरण की मांग की है।

# जैन शिक्षक परिवार जबलपुर के शपथ ग्रहण के साथ मनाया मातृभाषा दिवस



जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। श्री पारसनाथ दिगंबर स्वर्ण मंदिर द्यलार्डगंज में जैन शिक्षक परिवार जबलपुर द्वारा मुनि श्री ओमकार सागर एवं मुनि श्री श्रमण सागर महाराज की सानिध्य में मातृभाषा दिवस के उपलक्ष में संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज की पुण्य स्मृति मैं निबंध एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें भाषण का विषय बौद्धिक विकास में मातृभाषा का योगदान तथा निबंध का विषय आचार्य श्री के प्रकल्पों का राष्ट्र नवनिर्माण में योगदान आयोजित की इस अवसर पर मुनि श्री द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि समाज में मातृभाषा के योगदान से ही अपनी संस्कृति को सुरक्षित और पल्लवित रखा जा सकता है तथा युवाओं में अभिव्यक्ति की क्षमता का विकास हो सकता है यदि निरंतर विदेशी भाषा के पीछे हम भागते रहे तो प्रतिभा का पलायन होता रहेगा इसलिए आचार्य श्री के द्वारा दिखाए गए मार्गदर्शन और संकल्पों को सदैव अंगीकार करना चाहिए और भारत को भारत की ओर लौटना चाहिए अर्थात इंडिया नहीं भारत को भारत बोलना अभियान को आगे बढ़ना चाहिए

कार्यक्रम में आकर्षण ज्ञानवर्धक संस्कृतिक प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया । कार्यक्रम में अध्यक्ष सुनील कुमार जैन महामंत्री सुरेंद्र जैन मंत्री अरुण जैन शास्त्री कोषाध्यक्ष श्रीमती नमिता जैन प्रचार मंत्री स्वदेश जैन डॉक्टर सरोज जैन श्रीमती मनीषा जैन श्रीमती नीतू जैन मंत्री अनिल जैन दीपेश जैन श्री मनीष जैन श्री मनोरमा श्री मेधा जैन श्री सत्येन्द्र जैन श्री नेहा जैन श्रीमती पुष्पा जैन श्रीमती आभा जैन कार्यकारिणी सदस्य आदि उपस्थित रहे प्रतियोगियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के द्वितीय चरण में जैन शिक्षक परिवार की नवीन कार्यकारिणी को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री कैलाश चंद जी अध्यक्ष जैन पंचायत सभा जबलपुर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही डॉ विमला जैन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अखिल भारतीय महिला परिषद द्वारा शपथ ग्रहण कराया गया

# शाही-स्नान के कारण दर्जन भर ट्रेन रद्द

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाकुंभ के अंतिम शाही स्नान महाशिवरात्रि पर अनहोनी को रोकने के लिए दर्जनों ट्रेन रद कर दी गई हैं। कई के ठहराव खत्म कर दिए हैं, तो कई के रास्ते बदल दिए हैं। ट्रेनों के रद होने से सड़कों से लोग जाने लगे हैं। जाम लगने लगा है।

भागलपुर, बिहार से जाने वाली ट्रेनों को रद कर दिया गया है। विक्रम शिला एक्सप्रेस समेत दर्जनों ट्रेन रद कर दी हैं। गरीब रथ और हमसफर एक्सप्रेस के रास्ते डायवर्ट कर दिए हैं। रेलवे प्रशासन ने देश के कई हिस्सों से प्रयागराज जाने वाली 36 ट्रेनों को रद किया कल कुंभ का आखिरी दिन था। 25 फरवरी तक इन ट्रेनों के रद कर देने से सड़कों पर भारी भीड़ नजर आ रही है। रीवा के रास्ते प्रयागराज जाने वाली ट्रेनों को भी रद कर दिया है। दिल्ली से प्रयागराज के रास्ते आगे जाने वाली ट्रेनों को भी रद कर दिया है। कानपुर के रास्ते रीवा से आनंद विहार दिल्ली जाने वाली ट्रेन भी रद कर दी हैं। रायपुर, मनगांव, सुहागी से चाक घाट के लिए सड़कों पर भारी भीड़ है। बसों, कारों के कारवां अटके हैं। चाक घाट से प्रयागराज संगम जाने वाला रास्ता मात्र 45 किमी है। इसे शॉर्टकट रूट माना जाता है, इसलिए यहां जाम है।

## दारुल उलूम गौसिया रज़्वीय कासमीया का दीक्षांत समारोह सम्पन्न-नवासा ए हुज़ुर मुफ़्ती ए आज़म हिन्द ने की कार्यक्रम की सरपरस्ती

# दारुल उलूम में अध्ययनरत् 5 छात्रों को मौलवी, 2 छात्रों को हाफ़िज की सनद (डिग्री ) प्रदान की गई






जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। पुरानापुल साऊथ मिलौनीगंज गोहालपुर स्थित दारुल उलूम गौसिया रज़्वीया कासमीया में अध्यनरत छात्रों का दीक्षांत समारोह 24 फ़रवरी 2025 दिन सोमवार को हज़रत अल्लामा मुफ़्ती इम्तियाज़ुल कादरी कासमी साहब मुफ़्ती ए आज़म जबलपुर व क़ाज़ी ए शरआ जिला जबलपुर की अध्यक्षता में यूनानी दवाखान ग्राउंड साऊथ मिलौनीगंज गोहलपुर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम की सरपरस्ती देश में सुन्नियों के सब से बड़े केंद्र दरगाह आला हज़रत बरेली शरीफ उ.प्र. से मुख्य इस्लामिक विद्वान नवास-ए-मुफ्ती-ए-आजम हिंद व जानशीने खालिदे मिल्लत हजरत अल्लामा मौलाना मोहम्मद अनस रजा खान साहब ने की ।

जिसमें दारुल उलूम गौसिया रज़्वीय कासमिया में अध्ययन करने वाले छात्रों में मौलवी वा हाफिज का कोर्स पूर्ण करने वाले छात्रों को डिग्री (सनद) प्रदान की गई । मीडिया प्रभारी सुल्तानु ज़मा क़ादरी कासमी ने जानकारी देते हुए बताया के उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता इस्लामिक विद्वान हज़रत अल्लामा मुफ़्ती सगीर अहमद बरकाती साहब प्रिंसपल दारुल उलूम मज़हरे इस्लाम बरेली शरीफ (उ.प्र.) व उस्तादुल उलमा हजरत मौलाना गुलाम अहमद रज़ा तहसीनी साहब प्रिंसपल दारुल उलूम गौसिया रज़्वीया कासमिया , मुफ़्ती मोहम्मद तौफीक़ आलम क़ासमी साहब खतीबो इमाम सालार मस्जिद, मुफ़्ती अलताफ हुसैन क़ासमी साहब खतीबो इमाम मक्का मस्जिद, मुफ़्ती हिफ्ज़ुर्रहमान क़ासमी साहब, मुफ़्ती शाहिदुल कादरी कसमी साहब, मुफ़्ती तबरेज़ आलम कासमी साहब ने वज़ो तक़रीर ( इस्लामिक प्रवचन ज्ञान) बयान फरमाया । वहीं हाफ़िज़ो क़ारी जाहिद हसन साहब, हाफिजो क़ारी सलाहुद्दीन साहब ने नातो मनक़बत पेश किये । इस अवसर पर हज़रत हाफ़िज़ो क़ारी अब्दुल रऊफ साहब मुदर्रिस दारुल उलूम गौसिया रज़्वीया क़ासिमिया, हज़रत मौलाना जमालुर्रहमान साहब, हज़रत हाफ़िज़ फैज़ान रज़ा साहब, अल्हाज़ मौलवी इसरार हुसैन जिलानी साहब मंच पर उपस्थित रहे । इस अवसर पर भारी तादात में अक़ीदतमंद एवं अन्य जनसमूह उपस्थित रहा ।

कर्यक्रम के अंत में सालातो सलाम के उपरांत हज़रत अल्लामा मुफ़्ती इम्तियाज़ुल क़ादरी कासमी साहब की दुआ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ ।

सनद ( डिग्री ) प्राप्त छात्रों के नाम

मौलवी की सनद ( डिग्री )..

1. मौलाना मोहम्मद समीर क़ासमी
2. मौलाना अब्दुल मज़ीद क़ासमी
3. मौलाना मो. नुरुल एन क़ासमी
4. मौलाना मो. सफीक क़ासमी
5. मौलाना अब्दुल मुहीत क़ासमी

हाफिज की सनद ( डिग्री )..

1. मोहम्मद रोशन रज़ा
2. मोहम्मद तौकीर रज़ा

# महाशिवरात्रि पर रेलवे की विशेष तैयारी प्रयागराज से 350 से अधिक ट्रेनों को चलाने की योजना

## स्टेशनों पर विशेष सतर्कता बरतने का निर्देश

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। महाकुंभ 2025 का अंतिम अमृत स्नान 26 फरवरी को होना है। गंगा यमुना और सरस्वती के मिलन स्थल संगम पर स्नान करने के लिए उत्तर प्रदेश,बिहार, मध्य प्रदेश, झारखंड और बंगाल सहित देश के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रयागराज आए हुए हैं । रविवार और सोमवार को भी बिहार के पटना, दानापुर, मुजफ्फरपुर, गया, सासाराम, कटिहार, खगड़िया, सहरसा, जयनगर, दरभंगा आदि स्टेशनों पर यात्रियों की संख्या अधिक रही । उत्तर प्रदेश के गोरखपुर लखनऊ अयोध्या वाराणसी कानपुर गोंडा दीनदयाल उपाध्याय झांसी आदि जिलों के रेलवे स्टेशनों पर प्रयागराज जाने वाले यात्रियों की संख्या औसत से काफी ज्यादा रही। मध्य प्रदेश के चित्रकूट, जबलपुर,सतना,खजुराहो जैसे स्टेशनों पर भी भीड़ रही जबकि झारखंड के धनबाद बोकारो,रांची, गढ़वा और मेदनी नगर स्टेशन से बड़ी संख्या में लोग प्रयागराज के लिए रवाना हुए। अमृत स्नान के बाद अपने-अपने शहर वापस जाने वाले लोगों और श्रद्धालुओं का भारी हुजूम रेलवे स्टेशनों पर उमड़ना संभावित है। इसे ध्यान में रखते हुए उत्तर मध्य रेल, पूर्वोत्तर रेल और उत्तर रेलवे ने व्यापक तैयारी की है और सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अपने कार्य स्थल पर मुस्तैदी के साथ टिके रहने का निर्देश दिया है। रेलवे ने मौनी अमावस्या के दिन 360 से अधिक गाड़ियों का परिचालन करके 20 लाख से अधिक लोगों को उनके गंतव्य स्थान पर भेजने में सफलता पाई थी। महाशिवरात्रि स्नान के बाद भी श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अधिक संख्या में ट्रेनों को चलाने की योजना बनाई गई है और प्रयागराज के समीप वाले स्टेशनों पर अतिरिक्त रेक रखे गए हैं जिनका उपयोग आवश्यकतानुसार किया जाएगा। सूत्रों के अनुसार रेलवे ने प्रारंभ में महाकुंभ के दौरान लगभग 13500 गाड़ियों के चलने की योजना बनाई थी।

महाकुंभ के 42वें दिन तक 15000 से अधिक ट्रेनें चलाई जा चुकी हैं जिनमें बड़ी संख्या में स्पेशल ट्रेनें भी शामिल हैं। रेलवे की पूरी व्यवस्था की निगरानी का नेतृत्व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने स्वयं किया है। रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार भी लगातार रेलवे बोर्ड से ट्रेनों की मॉनिटरिंग में लग रहे हैं। तीन जोनल रेलवे के महाप्रबंधक भी अपनी टीम के साथ रेलवे व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने में लगे हुए हैं। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सभी जोन के महाप्रबंधकों को निर्देश दिया है कि महाकुंभ के यात्रियों की सुविधा का पूरा ख्याल रखा जाए। जरूरत पड़ने पर अधिक संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई जाए।

## नई पीढ़ी का परिवहन- हाइपरलूप तकनीक भारत की यात्रा को बदलने के लिए तैयार है

# भारत का हाइपरलूप सपना IIT मद्रास के साथ मिलकर और नए परीक्षण ट्रैक के साथ आगे बढ़ा

जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। IIT मद्रास ने एशिया की पहली ग्लोबल हाइपरलूप प्रतियोगिता 2025 की मेज़बानी की, जो सफलता के साथ खत्म हुई। इस इवेंट ने नई और तेज़ यात्रा तकनीकों की प्रगति को दिखाया। यह भारत की हाइपरलूप विकास में भागीदारी को दिखाता है, जो एक ऐसी तकनीक है जिसका उद्देश्य उच्च गति यात्रा का भविष्य बदलना है।

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का नवाचार के प्रति दृष्टिकोण**

समापन समारोह में केंद्रीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने वीडियो कॉल के जरिए जुड़कर सरकार की ओर से नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यह प्रतियोगिता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के तहत तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने और उद्योग व शिक्षा संस्थानों के बीच मजबूत साझेदारी बनाने का हिस्सा है।

प्रतियोगिता के मुख्य बिंदु-

* प्रमुख पुरस्कार- प्रतियोगिता में कई पुरस्कार दिए गए, जिनमें बेस्ट डेमोंस्ट्रेशन टीम अवार्ड विशेष रूप से उल्लेखनीय था। अन्य पुरस्कारों में ब्रेकिंग और ट्रैक्शन सिस्टम डेमोंस्ट्रेशन और बेस्ट सब-सीस्टम (मैकेनिकल) के लिए टीमों को सम्मानित किया गया।

नवाचार की अगुवाई- श्री वैष्णव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवा नवप्रवर्तकों की सराहना की और कहा कि उनके काम से भारत की विज्ञान और इंजीनियरिंग में क्षमता बढ़ी है। यह हाइपरलूप जैसी नई तकनीकों को अपनाने में मदद करेगा। हाइपरलूप परीक्षण ट्रैक- प्रतियोगिता में ढ्ढञ्ज मद्रास में 422 मीटर लंबा हाइपरलूप परीक्षण ट्रैक दिखाया गया। यह अत्याधुनिक सुविधा भारतीय रेलवे और ढ्ढञ्ज मद्रास के बीच मजबूत साझेदारी का प्रतीक है, और हाइपरलूप तकनीक के परीक्षण के लिए एक महत्वपूर्ण स्थान है।

भविष्य के परिवहन परियोजनाओं पर ध्यान

रेल मंत्री ने भारत रेलवे और ढ्ढञ्ज मद्रास के एक अन्य रोमांचक परियोजना, वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ङ्कञ्जह्रु) वाहन पर भी चर्चा की। यह परियोजना शहरों और गांवों में बेहतर और टिकाऊ परिवहन के लिए समाधान प्रदान करेगी। इस परियोजना को भारतीय रेलवे द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता भारत की हाइपरलूप तकनीक में संभावनाओं को दिखाती है और देश के भविष्य के परिवहन नेटवर्क की योजना को दिखाती है। हाइपरलूप सिस्टम शहरों के बीच यात्रा के समय को बहुत कम कर सकते हैं और यह पारंपरिक रेल और हवाई यात्रा का विकल्प हो सकता है।

# सेवा अगर निश्वार्थ है तो परमात्मा स्वयं प्रगट होते है





जबलपुर (नगर प्रतिनिधि)। साधन एवं साध्य जगत में हमेशा रहेगा परमात्मा साध्य है भक्ति साधन है इसी के माध्यम से जीवन कल्याणकारी हो जाता है महापुरुषों की वाणी कार्य यदि हमारे जीवन के आदर्श बन जाएं तो विचारों की शुद्धि आ जाती है। उपरोक्त उद्गार गौरीघाट स्थित साकेतधाम में श्री रामेश्वरम महादेव के 21 वें पाटोत्सव में आयोजित संत समागम में स्वामी मुक्तानंद जी ने व्यक्त किये।

पंडित उमाशंकर जी व्यास ने कहा कि माता-पिता मित्र और गुरु के घर बिना बुलाए भी जा सकते हैं परंतु इनमें से कहीं शत्रु भाव रखने वाले हो उनकी बुद्धि भी कुबुद्धि में परिवर्तित हो जाती है। बुद्धि में बिश्वास होना चाहिए परंतु यदि अहंकार हो जाये तो दक्ष की स्थिति हो जाती है। शिवत्व को जानना हो तो दक्ष बुद्धि से नही जान सकते। जिसमें सुख लेने की वृत्ति होती है उसे दुख में भी आनंद आता है प्रजापति दक्ष भगवान शंकर का अपमान करता है पर उस अपमान में भी भगवान शंकर आनंदित होते हैं। स्वामी गिरिशानन्द सरस्वती जी ने कहा कि भगवान शंकर जैसा कोई ना तो ज्ञानी हुआ, न भक्त हुआ। वे यथार्थ में वेद के तीनों कांडो, ज्ञान, कर्म, उपासना के जंगम प्रयाग था। वस्तुतः साधु का जीवन साक्षात् प्रयाग ही है। जो इनका सत्संग करता है, वह जीवन मुक्ति को प्राप्त करता है। महापुरुषों का जीवन सारगर्भित होता है जीवन में सत्संग की महिमा का वर्णन किया है ईश्वर को भी शबरी के पास आना पड़ता है। यदि जीवन में सत्संग की अपेक्षा संस्कारों का भी विशेष महत्त्व है। ममता का त्याग आसानी से नहीं होता। जीवन में व्यर्थ चर्चा से अच्छा है कि राम कृष्ण और शिव चर्चा की जाए। सेवा अगर निश्वार्थ है तो परमात्मा स्वयं प्रगट होते है।

दंडी स्वामी श्री स्वरूपानंद महाराज ने कहा कि जीवात्मा परमात्मा से मिलता है। जिनका संत चरणों में प्रेम होता है मनसा वाचा कर्मणा से माता पिता की सेवा करते हैं उनके काम क्रोध लोभ छूट जाते हैं तो ईश्वर इनके हृदय में निवास करता है। साधन की शुद्धि ही साध्य को प्राप्त करा सकती है। श्री साकेत विशेष व्यक्तित्व अलंकरण से आज समाज सेवक श्री कैलाश अग्रवाल, पर्यावरण के रक्षक श्री योगेश गनौरे, कन्या उत्थान एवं नारी सशक्तिकरण से सुश्री रेखा चूड़ीसमा, पत्रकारिता जगत से श्री उज्जवल शुक्ला जी एवं नर्मदा भक्त श्री केतन शाह जी का आज सम्मान किया गया। स्वामी गिरिशानंद सरस्वती जी ने कहा कि महाशिवरात्रि पर भगवान शिव की अलौकिक बारात रात्रि 8 बजे से साकेतधाम में निकली जाएगी एवं रात्रि पर्यन्त भगवान रामेश्वरम का रुद्राभिषेक रात्रि 10-30 बजे से किया जाएगा। संत विद्वानों का स्वागत अभिनंदन श्री कैलाश गुप्ता, भगवान दास धीरावाणी, विनय सक्सेना, सौरभ नाटी शर्मा, रविन झुनझुनवाला, बालकृष्ण अग्रवाल, डॉ जितेंद्र जामदार,अनिल गोयल,सावल दास जी,शंकर खत्री, मनीष दुबे, मोनी अग्रवाल, उमंग अग्रवाल,अशोक टेकड़ीवाल, रिंकू तिवारी, भानू नवेरिया आदि ने किया मंच संचालन डॉक्टर बृजेश दीक्षित एवं स्वस्तिवाचन पंडित रोहित दुबे पंडित सौरभ दुबे ने कराया।



जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )। जबलपुर स्थित यादव कालोनी में पुलिस ने सटोरिया के ठिकाने पर उस वक्त दबिश दी, जब भारत-पाकिस्तान क्रिकेट मैच पर दांव लगाए जा रहे थे. पुलिस ने मौके से लाखों रुपए के हिसाब के रजिस्टर, 15 हजार रुपए नगद, टीवी, सेटअप बाक्स बरामद किया है. पुलिस अधिकारियों के अनुसार यादव कालोनी क्षेत्र में रहने वाला युवक रत्लेश पटेल अपने घर में भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे क्रिकेट मैच पर ग्राहकों से दांव लिए जा रहे है. इस बात की खबर मिलते ही क्राइम ब्रांच की टीम ने घेराबंदी कर दबिश दी तो अफरातफरी मच गई.



# 28 फरवरी से प्रारंभ होगा कांग्रेस का वार्ड भ्रमण कार्यक्रम

## नगर निगम वार्ड क्र.1 त्रिपुरी से होगी शुरुआत

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माननीय जीतू पटवारी जी के आह्वान पर वर्ष 2025 को संगठन संघर्ष वर्ष के रूप में मनाने का संकल्प लिया गया है। इसी कड़ी में जबलपुर नगर कांग्रेस कमेटी ने नगर के विभिन्न वार्डों में वार्ड भ्रमण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर पहुंचकर संगठन को मजबूत करेंगे और आम जनता की समस्याओं को समझते हुए उनके अधिकारों के लिए संघर्ष करेंगे।

इस कार्यक्रम की रूपरेखा तय करने के लिए आज कांग्रेस कार्यालय, बलदेवबाग में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 28 फरवरी 2025 से वार्ड भ्रमण कार्यक्रम की शुरुआत



नगर निगम वार्ड क्र. 1 त्रिपुरी से की जाएगी।

क्या है कांग्रेस का वार्ड भ्रमण कार्यक्रम? इस अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ता वार्ड के हर गली-मोहल्ले और घर-घर जाकर जनता से संवाद स्थापित करेंगे। स्थानीय स्तर पर कार्य कर रहे कांग्रेस के छोटे-बड़े कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर संगठन को अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इसके अलावा, वार्ड भ्रमण के दौरान आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से समझा जाएगा और उनके समाधान के लिए संघर्ष किया जाएगा। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जनता और कांग्रेस संगठन के बीच सीधा जुड़ाव स्थापित करना और सरकार की नाकामियों को उजागर कर जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से उठाना है।

बैठक में वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति

बैठक का संचालन वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरलीधर राव ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव,पूर्व विधायक संजय यादव सहित नगर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इस अभियान को सफल बनाने के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस का यह वार्ड भ्रमण अभियान संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आम जनता के हक की लड़ाई को और अधिक प्रभावशाली बनाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस हमेशा से जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करती रही है और यह अभियान उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। आज की इस बैठक में शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा ,वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिनेश यादव ,पूर्व विधायक संजय यादव ,महिला कांग्रेस के अध्यक्षिका कमलेश यादव ,इंदिरा पाठक तिवारी ,अमरीश मिश्रा ,शेखर सोनी,राजेश यादव ,अतुल नरेश बाजपेयी ,बलवंत गुजर ,शिव कुमार चौबे ,राजेंद्र पिल्ले ,रवींद्र कुशवाहा,मुरलीधर राव ,टीकाराम कोष्टा ,रितेश बंटी गुप्ता,प्रवेंत्र चौहान,रविन्द्र गौतम,अभिषेक पाठक,नितेश नोटनानी,निर्मल चंद जैन,अभिषेक यादव ,हुकुम जैन,रज्जु सराफ ,मनीष सराफ ,जग्गू विश्वकर्मा,लखन चौबे ,रामदास यादव ,सोनी जी ,भगत राम जी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे,

## मामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया

# उधारी के रुपए मांगने पर दोस्त ने चौथी मंजिल से फेंका

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** । गोहलपुर थाना क्षेत्र में उधारी के रुपए वापस मांगने पर हुए विवाद के बाद एक युवक ने अपने ही दोस्त को चौथी मंजिल से नीचे फेंक दिया। पीड़ित की रिपोर्ट परमामला दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार निजी अस्पताल में इलाजरत टेढ़ीनीम रोड निवासी 35 वर्षीय सिराजुउद्दीन अंसारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उनके अनुसार 20 फरवरी की रात वह अपने दोस्त इरफान अंसारी के साथ जी-1 ब्लॉक की प्रथम मंजिल पर गया था, तभी उसने इरफान अंसारी से कुछ दिनों पूर्व ऑनलाइन दिए गए 75 हजार रुपए वापस देने को कहा। यह बात सुनते ही इरफान अंसारी ने मारपीट शुरू कर जबरदस्ती उसे चौथी मंजिल पर ले जाकर वहां से नीचे गिरा दिया और रुपए वापस नहीं करने की बात कहते हुए भाग खड़ा हुआ। रिपोर्ट पर धारा 109(1) बीएनएस का मामला दर्ज कर अंसार नगर गोहलपुर निवासी आरोपी इरफान अंसारी को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है।


## न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर

**रा.प्र.क्र../1728/अ-6/2024-25- फैती**

### आम इश्तहार

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक **श्रीमती संगीता राजपूत/स्व. श्री रोहित राजपूत, निवासी- बस स्टेण्ड के पीछे बरघाट सिवनी** ने नजूल ब्लॉक नं. 94, प्लाट नं. 127/11, निर्मित रकवा/रकवा 79.08 व.फु., /अवि.हिस्सा........ व.फु./ हे.विक्रय पत्र/ हक त्याग पत्र/वसीयतनामा/दानपत्र/ बारसान हक/ दिनांक....... मृत्यु दिनांक 02/01/2024 को हो जाने के कारण बारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र.......... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 94, प्लाट नं. 177/11 निर्मित रकवा/ रकवा 79.08 व.फु./ अवि. हिस्सा..... व.फु., हे/ ग्राम बेलबाग/प.ह.न........., खसरा नं........ रकवा 79.08 व.फु./हे......... मितेन्द्र सिंह चौवान, अनीता ठाकुर बरौरा के नाम से दर्ज है ।

अत: किसी व्यक्ति विशेष संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 28/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियम दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

**इश्तहार आज दिनांक 29/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।**

**जारी दिनांक:- 29/01/2025**
**पेशी दिनांक:- 28-02-2025**

मुहर

**तहसीलदार**
**रांझी, जबलपुर**


## निगमायुक्त प्रीति यादव के निर्देश पर राजस्व वसूली को लेकर सख्ती

# अपर आयुक्त ने 11 सहायक राजस्व निरीक्षकों और कर संग्रहिताओं को किया नोटिस जारी



**1 सप्ताह में वसूली आँकड़ों का प्रतिशत नहीं बढ़ाने वाले सहायक राजस्व निरीक्षकों और कर संग्रहिताओं का वेतन आहरण पर लगेगा रोक**

जबलपुर। निगमायुक्त श्रीमती प्रीति यादव के निर्देशानुसार अपर आयुक्त राजस्व श्रीमती अंजू सिंह ने वार्डवार वसूली अभियान की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अपर आयुक्त श्रीमती सिंह ने पाया कि संभाग क्रमांक 6 वार्ड क्रमांक 26 केएस. कौन्डया, संभाग क्रमांक 8 वार्ड क्रमांक 36 के राजेन्द्र सोनी, संभाग क्रमांक 8 वार्ड क्रमांक 58 के रामेश्वर दुबे, संभाग क्रमांक 11 वार्ड क्रमांक 79 के राम नारायण चौधरी, संभाग क्रमांक 12 वार्ड क्रमांक 53 के राज कुमार चौधरी, संभाग क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 38 के राम प्रकाश सोनी, संभाग क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 39 के विजय विश्वकर्मा, संभाग क्रमांक 14 वार्ड क्रमांक 40 के संदीप साहू, संभाग क्रमांक 16 वार्ड क्रमांक 49 के शत्रुन्यजय, संभाग क्रमांक 16 वार्ड क्रमांक 50 के नितिन साहू एवं संभाग क्रमांक 16 वार्ड क्रमांक 59 के कृष्ण प्रताप सिंह को 20 प्रतिशत से कम वसूली पर नोटिस जारी कर 7 दिवस के अंदर वसूली आँकड़ों का प्रतिशत बढ़ाने के निर्देश दिये गए है। सुधार न लाने की स्थिति में सभी संबंधित राजस्व निरीक्षकों और कर संग्रहिताओं का वेतन आहरण पर रोक लगाई जायेगी।

### शिव मन्दिर पचपेढ़ी सिविल लाइन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि 26 फरबरी 2025 को आर्थिक रूप से कमजोर 9 कन्याओं के विवाह का आयोजन किया गया है

जबलपुर। शिव मंदिर समिति कांच का शिव मन्दिर पचपेढ़ी सिविल लाइन द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी महाशिवरात्रि 26 फरबरी 2025 को आर्थिक रूप से कमजोर 9 कन्याओं के विवाह का आयोजन किया गया है इसमे कन्यायो को घृस्थी का पूरा समान जैसे पलंग सोफ़ा आलमारी, मिक्सी, पंखा, कूलर, कूकर, बर्तनो के सेट, बेडशीट, साड़िया, वा, अन्य सामग्री प्रदान की जाएगी, इस वर्ष मिलाकर कुल 93 कन्यायो का विवाह संपन्न हो जाएगा, समिति के आयोजन कर्ता श्री मनीष त्रिपाठी सिंगापुर,श्री मोहन सिंह ठाकुर, श्री प्यारे लाल जी, श्री अंकित फ्रांसीस एवेंम, जगदीश ननहेट आदी ने उपस्थित की अपील की है...

# बारहवी के हिंदी विषय के पेपर मे 247 बच्चें रहे अनुपस्थित, कोई भी नक़ल प्रकरण नहीं बना

**जबलपुर ( नगर प्रतिनिधि )।** जबलपुर जिला मे माशिमं के द्वारा आयोजित कक्षा बारहवी की बोर्ड परीक्षा की शुरुआत हिंदी विषय के पेपर के साथ हुई ।जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले के सभी परीक्षा केन्द्रो मे शांतिपूर्वक परीक्षा आयोजित हुई, जिले मे कही भी कोई नक़ल प्रकरण नहीं बना हैं। प्रश्नपत्र मे शहर के 211 परीक्षार्थी एवं ग्रामीण क्षेत्र के 36 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहर एवं ग्रामीण को मिलाकर कुल 247 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी परीक्षा केन्द्रो मे कलेक्टर प्रतिनिधि की उपस्थिति मे ऑनलाइन डुश्श्रश्च के माध्यम सें निगरानी रखते हुए पेपर हुआ। पुलिस थाने एवं परीक्षा केंद्रों मे कलेक्टर प्रतिनिधि एवं केन्द्राध्यक्ष के आपसी समन्वय से सभी कार्य आसानी से शांतिपूर्वक सम्पादित किए गए।

परीक्षा के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक गहलोत जी के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रो के परीक्षा केंद्र बेलखाडू एवं कन्या कटंगी का निरीक्षण किया गया, दोनों केंद्रों मे परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से चलती हुई पायी गयी। किसी भी केंद्र पर नक़ल प्रकरण नहीं बना ।निरीक्षण के समय जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी भी साथ मे थे।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के नेतृत्व मे गठित दल के द्वारा शास मॉडल स्कूल, समदड़िया पब्लिक स्कूल ग्रीन सिटी, पीएम श्री शास उमावि बेलखाडू, सीएम राइज विद्यालय कन्या कटंगी, शा बालक उमावि कटंगी, पीएम श्री शास उमावि नुनसर का निरिक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सभी जगह व्यबस्थित परीक्षा संचालित पायी गयी। कोई नक़ल प्रकरण नहीं पाया गया। कलेक्टर महोदय द्वारा गठित उड़न दस्ता दल मे एसडीएम अधारताल श्री पंकज मिश्रा के दल के द्वारा सीएम राइज विद्यालय अधारताल एवं स्प्रिंग डे विद्यालय का निरीक्षण किया गया। एसडीएम रांझी श्री रघुवीर सिंह मरावी के द्वारा जवाहर नगर विद्यालय, एम डी बंगाली एवं शा मॉडल स्कूल का निरिक्षण किया गया। एसडीएम कुण्डम के द्वारा उत्कृष्ट विद्यालय कुण्डम, शा कन्या विद्यालय कुण्डम का निरीक्षण किया गया। एसडीएम पाटन श्री मानवेन्द्र सिंह के द्वारा सीएम राइज विद्यालय पाटन, ओंकार नामदेव विद्यालय पाटन एवं शा कन्या शाला पाटन का निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर के द्वितीय दल द्वारा शा कन्या शाला व्योहारबाग, शा उमावि पिपरिया उमरिया, शा उमावि पड़रिया, शा बालक कुण्डम, शा कन्या कुण्डम का निरीक्षण किया गया।


## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/695/ दिनांक 25.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री अरविन्द गिराये, पिता स्व. श्री साजन गिराये, 2. श्रीमती रीना किराये, पति- श्री अरविन्द गिराये** ने मकान नं. 585/1 बी पिन नं............ **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 400 व.फु., प्रथमतल सीमेन्ट टीन 360 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 585/1 बी न्यू कछियाना, पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/694/ दिनांक 25.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्रीमती भारती गौतम, पति- श्री टेकचंद गौतम** ने मकान नं. 1119 पिन नं............ **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल आर.सी.सी. 935 व.फु., प्रथमतल आर.सी.सी. 935 व.फु., द्वितीयतल आर.सी.सी. 935 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1119 दुर्गा मंदिर के पास, लालमाटी द्वारका नगर पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/693/ दिनांक 25.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **1. श्री मुरलीधर सुन्दरानी, पिता- थदादास सुन्दरानी, 2. श्री विजय कुमार सुन्दरानी, पिता-श्री मुरलीधर सुन्दरानी,** ने मकान नं. 1781 पिन नं............ **वार्ड पं. द्वारका प्रसाद मिश्र वार्ड ,** भूतल सीमेंट टीन 360 व.फु., **शपथपत्र, विक्रय अनुबंध पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 1781 सिन्धी धर्मशाला के पास पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/09/2024-25/ एम/692/ दिनांक 25.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री अनिल कुमार पासी, पिता- स्व. श्री रामपाल पासी** ने मकान नं. 2322/2 पिन नं............ **वार्ड सिद्धबाबा वार्ड ,** भूतल सीमेंट टीन 350 व.फु., **शपथपत्र, आपसी बटवारानामा** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. 2322/2 बेगम चौक पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-09 लालमाटी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-09 लालमाटी**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर

क्रं./ जल/2024-25/ पी.आर.ओ./596 — दिनांक 25/02/2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत आधार पर ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| Repairing and restart og Musical Fountain and High jet floationg fountain at goulla talab Jabalpur Municipal Corporation | 01 माह निर्माण कार्य वर्षाकाल सहित 7,97,500.00+ GST | 2000.00 ,एवं Rs 797500.00/- | 13.03.2025 |

नोट:- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://.mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपाल यंत्री ( जल ) ,नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर ( म.प्र. )

N.I.T. NO. / PWD/ 12/ PRO No - 590 — Dated 25 / 02 / 2025

### प्रथम निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एव EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD _404528_1 | पं. लोकमान्य बालगंगाधर तिलक वार्ड अंतर्गत रिपटा क्षेत्र स्थित कलीम के बाड़े के पास कच्ची पड़ी सड़क का निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 03 माह<br>5.02 | 2000/-<br>5026/- | 17.03.2025 |

नोट: निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, लोककर्म, नगर निगम जबलपुर**

## संभागीय कार्यालय संभाग क्रं-15 सुहागी,नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्रं./ संभा.अधि./ राजस्व./ M 114/2024-25 दिनांक 25/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **श्री रामविनय विश्वकर्मा, पिता श्री सत्यनारायण विश्वकर्मा** के द्वारा **वार्ड क्रं. 73 भगवान परशुराम वार्ड** के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000516462 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती उषा विश्वकर्मा, पति स्व. श्री बालचंद विश्वकर्मा के नाम से दर्ज निर्मित तल मंजिल 300 व.फु. जिसका मौजा करमेता खसरा नं. 274/2 की स्वामिनी एवं उनके पति की मृत्यु पश्चात् वसीयत के आधार पर प्राप्त रकवा 2400 व.फु. व उस पर निर्मित कम्प्यूटर में दर्ज अनुसार प्राप्त संपत्ति पर निम्न दस्तावेजों- **वसीयतनामा, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, , टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क** के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर **संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी** में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी ( राजस्व )**
**संभाग क्रमांक 15 सुहागी**
**नगर पालिक निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./02/कछपुरा 2024 एम./50 दिनांक 20.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री छोटे लाल आहिरवार, पिता- स्व. श्री तुलाराम आहिरवार** ने मकान नं. 2587 लड़िया, पिन. नं. 1000480387 **वार्ड रानी दुर्गावती वार्ड,** क्षेत्रफल 250 व.फु., भूतल 200 व.फु., **शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक - 2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-14, विजय नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.क्र./14/विजयनगर 2024/ 25/एम/236 दिनांक 25.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री दीपक शर्मा, श्री रवि शर्मा, श्री निशीथ मोहन शर्मा एवं श्री आशीष शर्मा, सभी के पिता- स्व. श्री बालकृष्ण शर्मा,** ने मकान नं. 3036/पी-993/5 **वार्ड महाराजा अग्रसेन वार्ड,** क्षेत्रफल 2400 व.फु., भूतल 2400 व.फु., भूतल 1200 व.फु., **शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशनं की तिथि से 15 दिन के अंदर **कार्यालय संभाग क्रमांक-14 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-14 दमोहनाका**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-2,कछपुरा नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि./04/कछपुरा 2024 / एम./ Q 406 दिनांक 25.02.2025

**भवन नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि **श्री अभिमन्यु सिंह, पिता- श्री सुदामा सिंह** ने मकान नं. प्लाट नं. 110 सम्पत्ति पिन नं. 1000602793 **वार्ड विवेकानंद-21 वार्ड ,** क्षेत्रफल 1250 व.फु., भूतल 1250 व.फु., प्रथमतल 1250 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक -2 कछपुरा** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-2 कछपुरा**
**नगर निगम जबलपुर**

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक-6,नगर निगम जबलपुर

पत्रांक-स.अधि/06/2024-25/ एम/300 जबलपुर दिनांक 24.02.2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि **श्री याल्तेश तिवारी, पिता श्री वासुदेव प्रसाद तिवारी** ने खसरा नं. 11/3 **वार्ड पं. दीनदयाल उपाध्याय** पिन नं. 1000353574, क्षेत्रफल 800 व.फु., **विक्रयपत्र** के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं.पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय **संभाग क्रमांक-6 दमोहनाका** में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी**
**संभाग-6**
**नगर निगम जबलपुर**


स्वात्ताधिकारी मुद्रक प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा मकान नंबर 358 साठियां कुंआ जबलपुर से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख श्री विलक्षण सक्सेना, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जबलपुर रहेगा। मो.नं. 9300696096, भोपाल 9425025999